Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 29 | बुधवार, 29 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# महाकुंभ में संगम तट के पास भगदड़, 17 श्रद्धालुओं की मौत

**प्रयागराज।**

महाकुंभ में मंगलवार की रात भीड़ का दबाव इतना बढ़ा कि भगदड़ मच गई। इसमें 17 लोगों की मौत हो गई, हालांकि मरने वालों की संख्या कहीं अधिक बताई जा रही है। बड़ी संख्या में लोग घायल हैं।

महाकुंभ के अस्पताल में घायलों को लेकर आने वाली एंबुलेंस का तांता लगा हुआ है। संगम नगरी मंगलवार की रात अमंगल हो गई। महाकुंभ में भीड़ का दबाव इतना बढ़ा कि भगदड़ मच गई। इसमें 17 लोगों की मौत हो गई, हालांकि मरने वालों की संख्या कहीं अधिक बताई जा रही है। बड़ी संख्या में लोग घायल हैं। महाकुंभ के अस्पताल में घायलों को लेकर आने वाली एंबुलेंस का तांता लगा हुआ है। राहत और बचाव कार्य में पूरा प्रशासन जुटा हुआ है। दर्दनाक हादसा रात करीब दो बजे संगम तट के पास हुआ। जिनके अपने खो गए हैं, वे इसके लिए पूरी तरह से महाकुंभ मेला प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।उनका कहना है कि संगम के पास अचानक भीड़ को रोक दिया गया। कहीं पर ना जा पाने की स्थिति में लोग बैरिकेडिंग पार करने लगे और इस दौरान भगदड़ मच गई। अमृत स्नान न करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अखाड़ों से बात की। इससे अखाड़ों ने अमृत स्नान टाल दिया। सुबह पांच बजे श्री महानिवार्णी और अटल अखाड़ा को अमृत स्नान करना था। इसके बाद निरंजनी और आनंद अखाड़ा स्नान करते।फिर जूना, अग्नि, आवाहन और किन्नर अखाड़ा के स्नान का समय था।इनके बाद वैष्णव संप्रदाय के दिगंबर अनी, निमोर्ही अनी और निवार्णी अनी स्नान करते। अंत में निर्मल अखाड़ा को अमृत स्नान करना था। महाकुंभ में भगदड़ के बाद पूर्वांचल के कई जिलों से मुंगराबादशाहपुर होकर प्रयागराज जाने वालों को सतहरिया में बुधवार की भोर तीन बजे से रोक दिया गया है। उनके वाहनों को बनाए गए ठहराव स्थल के साथ ही मुंगराबादशाहपुर में खड़ा कराया जा रहा है। सभी उच्चाधिकारी मेला प्राधिकरण के आईट्रिपलसी पहुंचे। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। मेले में भगदड़ मचने के बाद रामबाग रेलवे स्टेशन पर तैनात पुलिसकर्मी अलर्ट हो गए हैं।





### महाकुंभ में क्राउड डायवर्जन प्लान लागू

घटना के बाद महाकुंभ में क्राउड डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है। शहर के बाहर ही श्रद्धालुओं के जत्थों को रोका गया। 10 से ज्यादा जिलाधिकारियों को क्राउड मैनेजमेंट जिम्मेदारी दी गई है। भीड़ को काबू में करने के लिए प्रयागराज के बॉर्डर के इलाकों में अधिकारियों को सक्रिय किया गया है।

# दिहाड़ी कामगारों को भी पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा का लाभ, बीमा का भी फायदा

**नई दिल्ल ी।**



श्रम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम विवरणों को अंतिम रूप दे रहे हैं। उम्मीद है कि इसे जल्द ही क्रियान्वित किया जाएगा। केंद्र श्रम संहिताओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्यों के साथ सहयोग कर रहा है।

संगठित क्षेत्रों के कर्मचारियों की तरह ही अब दिहाड़ी कामगार भी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आएंगे। सरकार जल्द ही इन लोगों के लिए एक सामाजिक सुरक्षा योगदान प्रणाली शुरू करने की तैयारी में है। इन श्रमिकों को नियोजित करने वाले प्लेटफार्मों को अपने भुगतान का एक तय हिस्सा काटकर कर्मचारी पेंशन योजना में जमा करना होगा। इसके एवज में सरकार जमा की गई राशि का 3 से 4 फीसदी अतिरिक्त योगदान कर सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस पहल में न केवल फूड डिलीवरी और राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म के कर्मचारी शामिल हैं, बल्कि सॉफ्टवेयर पेशेवर और अन्य कर्मचारी भी शामिल हैं। कुछ साल पहले लागू किए गए श्रम कोड में दिहाड़ी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों को शामिल किया गया था। हालांकि, ये कोड अभी तक लागू नहीं किए गए हैं, क्योंकि कई राज्यों ने अभी तक इनके साथ तालमेल नहीं किया है। सामाजिक सुरक्षा संहिता में सामाजिक सुरक्षा कोष स्थापित करने के प्रावधान शामिल हैं। इसमें स्वास्थ्य, दुर्घटना और अन्य लाभ मिलते हैं। कुछ महीने पहले श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने सुझाव दिया था कि दिहाड़ी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का कार्यान्वयन श्रम कोड के पूर्ण कार्यान्वयन से पहले हो सकता है। इसके लिए एक पैनल गठित किया गया है।

## वरुण चक्रवर्ती के घातक प्रदर्शन पर भारी पड़ी इंग्लैंड की गेंदबाजी

**राजकोट।**



मेहमानों ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर सिर्फ 145 रन ही बना सकी। इंग्लैंड ने तीसरे टी20 मैच में भारत को 26 रनों से हराकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने तीसरे टी20 मैच में भारत को 26 रनों से हराकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। बुधवार को राजकोट में खेले गए इस मुकाबले में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। मेहमानों ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर सिर्फ 145 रन ही बना सकी। इस तरह इंग्लैंड ने इस सीरीज में पहला मुकाबला अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की।

## पीएम मोदी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया उद्घाटन,

# बोले- बड़े संकल्प लेकर आगे बढ रहा है हमारा देश

**नई दिल्ली।**

अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देवभूमि आज युवा ऊर्जा से और दिव्य हो उठी है। बाबा केदार, बद्रीनाथ जी, मां गंगा के शुभाशीष के साथ आज नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। ये वर्ष उत्तराखंड के निर्माण का 25वां वर्ष है।

उत्तराखंड की धार्मिक विरासत और जैव विविधता का झलक पेश करते रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस प्रतियोगिता के तहत 32 खेलों में लगभग 10 हजार खिलाड़ी पदक जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। खेल 14 फरवरी तक चलेंगे और देहरादून में मुख्य आयोजन स्थल सहित इस पहाड़ी राज्य के सात शहरों में स्पधाओं का आयोजन किया जाएगा। लगभग 450 स्वर्ण पदक और इतनी ही संख्या में रजत और कांस्य पदक दांव पर हैं।



**450**

स्वर्ण पदक और इतनी ही संख्या में रजत और कांस्य पदक दांव पर हैं।

अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देवभूमि आज युवा ऊर्जा से और दिव्य हो उठी है। बाबा केदार, बद्रीनाथ जी, मां गंगा के शुभाशीष के साथ आज नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। ये वर्ष उत्तराखंड के निर्माण का 25वां वर्ष है। इस युवा राज्य में देश के कोने-कोने से आए हजारों युवा अपना सामर्थ्य दिखाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की बहुत सुंदर तस्वीर यहां दिख रही है। नेशनल गेम्स में इस बार भी कई देशी और पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के नेशनल गेम्स एक प्रकार से ग्रीन गेम्स भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में खेलों का एक खूबसूरत गुलदस्ता तैयार हो रहा है जिसमें हर मौसम में फूल खिलते हैं, लगातार टूनामेंट होते हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई देश खेल में आगे बढता है तो देश की साख भी बढती है और प्रोफाइल भी बढता है।

## सरकारी स्कूलों में तीसरी तक पढ़ाई का स्तर बढ़ा

**नई दिल्ली।** वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (असर) 2024 के अनुसार तीसरी कक्षा के बच्चों के पढ़ने के स्तर में सुधार वर्ष 2022 के मुकाबले हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, हरियाणा, ओडिशा व महाराष्ट्र में यह बढ़ोतरी 10 फीसदी से अधिक है। यह सुधार सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों से अधिक है। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई और बुनियादी अंकगणित सीखने के स्तर में जबरदस्त सुधार हुआ है। सरकारी स्कूलों ने निजी स्कूलों को भी पछाड़ दिया है। यह बदलाव काफी हद तक सरकारी विद्यालयों में नामांकित बच्चों की सीखने की क्षमता में वृद्धि के कारण है। तीसरी कक्षा के बच्चों के पढ़ने के स्तर में काफी सुधार हुआ है और यह 27.1 फीसदी तक पहुंच गया है। मंगलवार को जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (असर) 2024 के अनुसार तीसरी कक्षा के बच्चों के पढ़ने के स्तर में सुधार वर्ष 2022 के मुकाबले हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, हरियाणा, ओडिशा व महाराष्ट्र में यह बढ़ोतरी 10 फीसदी से अधिक है। यह सुधार सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों से अधिक है। सुधार करने वाले राज्यों में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और महाराष्ट्र शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले चौथी कक्षा के बच्चों के पढ़ने के स्तर में बहुत सुधार हुआ है। सरकारी स्कूलों में चौथी कक्षा के उन बच्चों का प्रतिशत, जो दूसरी कक्षा के स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं, 2018 में 50.5 प्रतिशत से घटकर 2022 में 42.8 प्रतिशत हो गया था। लेकिन 2024 में यह बढ़कर 48.8 फीसदी हो गया है। असर एक राष्ट्रव्यापी ग्रामीण घरेलू सर्वेक्षण है जिसमें भारत के 605 ग्रामीण जिलों के 17,997 गांवों के 6,49,491 बच्चों को शामिल किया गया।

## 'अमेरिका के डब्ल्यूएचओ से बाहर होने का भारत पर असर नहीं पड़ेगा'

# नड्डा बोले- स्वास्थ्य एक प्राथमिकता वाला क्षेत्र

**नई दिल्ली।**



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से बाहर होने की घोषणा का भारत में इस वैश्विक एजेंसी के साथ चल रही परियोजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति पर एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान नड्डा ने कहा कि हमारी परियोजनाएं और अभियान जारी रहेंगे। जहां तक स्वास्थ्य का सवाल है तो हम किसी पर निर्भर नहीं हैं। कई परियोजनाएं हैं जहां डब्ल्यूएचओ हमारे साथ साझेदारी करता है और इसमें कोई बाधा नहीं आएगी। भारत डब्ल्यूएचओ के प्रमुख योगदानकताओं में से एक है।

एनएचएम के तहत पिछले 10 वर्षों में हुई उपलब्धियों को गिनाते हुए नड्डा ने कहा कि कुछ नई पहलें जैसे राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया मिशन और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) 2014 के बाद जोड़ी गईं जबकि कई अन्य पहलों को फिर से शुरू किया गया है जैसे राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, मिशन इंद्रधनुष आदि। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एक प्राथमिकता वाला क्षेत्र है और इसमें कभी वित्तीय कमी आड़े नहीं आई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत केंद्रीय अनुदान में 2014 से 185 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### कर्मचारियों को लौटने का आदेश जारी

कई संघीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने सीबीएस न्यूज से इस बात की पुष्टि की। एक अधिकारी ने कहा, आदेश को लागू करने के लिए सीडीसी के वैश्विक स्वास्थ्य के उप निदेशक जॉन एनकेंगसॉन्ग ने सोमवार को एक ईमेल में जारी किया था जिसमें कहा गया था कि डब्ल्यूएचओ के साथ जुड़ने वाले सभी सीडीसी कर्मचारियों को अपनी गतिविधि बंद करनी होगी और आगे के मार्गदर्शन का इंतजार करना होगा। ईमेल में कहा गया है कि डब्ल्यूएचओ के लिए काम करने के लिए नियुक्त सीडीसी कर्मचारियों को भी कार्यालय में नहीं आने के लिए कहा जा रहा है।

## लखनऊ में बड़ा हादसा

# दुकानों में घुसा अनियंत्रित ट्रक तीन लोगों की मौत और कई घायल

**लखनऊ।**

एक अनियत्रित ट्रक दुकानों में घुस गया। हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। राजधानी लखनऊ में बड़ा हादसा हुआ है। एक अनियत्रित ट्रक दुकानों में घुस गया। हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। घटना को लेकर डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि इटौंजा-महोना मार्ग पर हादसा हुआ है जिसमें एक ट्रक अनियंत्रित होकर कुछ दुकानों में जा घुसा। पांच लोग घायल हैं और तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस बल और एसडीआरएफ मौके पर मौजूद है। बचाव अभियान जारी है। मलबे में अब कोई फंसा नहीं है। हमने ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# जम्मू-कश्मीर में आज से बारिश और बर्फबारी के आसार

**जम्मू।**

मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार 29 जनवरी से तीन फरवरी तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश-बर्फबारी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर में ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार 29 जनवरी से तीन फरवरी तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश-बर्फबारी हो सकती है। इस अवधि में मौसम में उतार-चढ़ाव रहेगा। मौसम खराब होने से पारे में गिरावट आएगी। मौजूदा अधिकतर जिलों में अधिकतम पारा सामान्य से 6 से 11 डिग्री तक ऊपर चल रहा है। हालांकि रात में ठंड कायम है। कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार को मौसम साफ रहा। श्रीनगर में दिन का तापमान सामान्य से 6.2 डिग्री चढ़कर 14.1, पहलगाम में सामान्य से 7.0 डिग्री चढ़कर 12.2 और गुलमर्ग में सामान्य से 7.8 डिग्री चढ़कर 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू में मंगलवार तड़के तेज हवाएं चलीं, लेकिन दिनभर धूप रही। शाम को हल्के बादल छा गए थे।



## संपादक की कलम से

### जलवायु संकट में बच्चे

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन–जीवन बाधित है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। खासकर भारत जैसे देश में जहां अधिकांश कृषि मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सबसे बड़ा संकट हमारे कृषि क्षेत्र पर है, जहां उत्पादकता घटने से हमारी खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ती नजर आ रही है। लेकिन अब ह्यनेचर क्लाइमेट चेंजह्व पत्रिका में प्रकाशित वह रिपोर्ट चौंकाती है, जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में करीब साढ़े पांच करोड़ बच्चों की शिक्षा हीटवेव से बाधित हुई है। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। रिपोर्ट दावा करती है कि वर्ष 2024 में लू के कारण भारत में शिक्षा व्यवस्था पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट ह्यलर्निंग इंटरप्टेड : ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट–रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024ह्व में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आए, लेकिन बच्चों के प्रति कोई ऐसा संवेदनशील अध्ययन सामने नहीं आया था। जिसने जहां एक ओर अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी, वहीं सरकार पर दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां यथाशीघ्र बनाये। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति–नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है क्योंकि अध्ययन में वर्ष 2050 तक बच्चों पर गर्म हवाओं का असर आठ गुना तक बढ़ने की आशंका है। बीता साल एक सदी से अधिक अवधि के बाद का सबसे गर्म साल घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने सूचित किया था कि वर्ष 2024 वर्ष 1901 के बाद सबसे अधिक गर्म साल रहा है। जो ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को ही उजागर करता है। यह भी कि यदि देश–दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जो न केवल बच्चों की शिक्षा बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालेगा। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट से बच्चों की शिक्षा बाधित होने से उनके भविष्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा।



ललित शर्मा
संपादक


## गांधी निर्वाण दिवस -30 जनवरी 2025 पर विशेष

# अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।

महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना ह्न मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है।

मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है।



मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थो के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी ह्लमेक इन इंडियाह्व का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं।

हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है। यह बात भी थोड़ी अजीब सी लगती है कि पूंजी केन्द्रित विकास के इस तूफान में एक ऐसा शख्स हमें क्यों महत्वपूर्ण लगता है जो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की वकालत करता रहा, जो छोटी पूंजी या लघु उत्पादन प्रणाली की बात करता रहा। सवाल यह भी उठता है कि मनुष्यता के पतन की बड़ी-बड़ी दास्तानों के बीच आदमी के हृदय परिवर्तन के प्रति विश्वास का क्या मतलब है? जब हथियार ही व्यवस्थाओं के नियामक बन गये हों तब अहिंसा की आवाज कितना असर डाल पाएगी? एक वैकल्पिक व्यवस्था और जीवन की तलाश में सक्रिय लोगों को गांधीवाद से ज्यादा मदद मिल रही है।

आज जबकि समूची दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी संघर्षरत लोगों के लिये गांधी का सत्याग्रह ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है। पर्यावरणवादी हों या अपने विस्थापन के विरुद्ध लड़ रहे लोग, सबको गांधीजी से ही रोशनी मिल रही है। गांधी की अहिंसा से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त हो रहे हैं। समस्त समस्याओं का समाधान भी एक ही है, वह है-अहिंसा। अहिंसा व्यक्ति में ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्न की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए गांधी से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता। - **ललित गर्ग**

## लक्ष्मीनारायण सेन
## हालात सिखा देती
कविता



हटाकर मिट्टी दाना उठाना सीख जाता
परिंदे चार दिन में फड़फड़ाना सीख जाता
समय की सबक होती ही है अनुपम
इंसान जिंदगी जीना जोर सीख जाता।।

गरीबी ला के दे देती खास एक हुनर
संसाधन जुटाने करता खूब सफर
जो खेलता साथी संग भौंरा बाटी
नंगे पैर आज समान ढोना सीख जाता।।

स्कूल के समय किताब होती दीवारों पर
रोटी के लिए श्रम करता वह बाजारों पर
आंख होती नम तन तर होती पसीना से
नाजुक कंधा भी पत्थर फेंकना सीख जाता।।

इनके मन में उग रहे थे ख्वाब सुनहरे
हालात के आगे कैसे होता ख्वाब सुनहरे
सारी आशाएं बदल जाते निराशा में
फिर भी वह रोकर हंसना सीख जाता।।

बचपन की मुस्कुराहट छीन लेती
परिस्थितियों की चादर ढक देती
कैसे हुनर विवशता का करिश्मा है
हर दर्द को हस्ते सहना सीख जाता।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# ट्रंप शासन 2.0 अमेरिकी फर्स्ट- अमेरिका का चला आर्थिक हंटर-पूरी दुनियाँ को आर्थिक सहायता देने पर रोक!



गोंदिया

**वेलकम इंडिया**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश की नजर अमेरिका के ट्रंप शासन 2.0 की नीतियों रणनीतियां व अमेरिकी पर लगी हुई है, क्योंकि ट्रंप ने जो चुनावी प्रचार के समय वादे किए थे उन्हें अमली जान जामा पहनाने के लिए रूपरेखा तैयार कर आदेशों पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। वे अमेरिकी फर्स्ट की नीतियों पर तेजी से कम कर रहे हैं, जिससे हम देख रहे हैं कि कई देशों के शेर धड़ाम हो रहे हैं। अब दो दिन पूर्व ही ट्रंप शासन 2.0 अमेरिकी फर्स्ट की नीति अनुसार आर्थिक हंटर चलाकर मिस्त्र व इसराइल को छोड़कर, पूरी दुनियाँ की आर्थिक सहायता रोक दी है, इसे आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने विदेशों को मिलने वाली सभी प्रकार की मदद रोक दी है। ट्रंप अपने चुनावी वादों को पूरा करते हैं तो वैश्विक परिदृश्य में बड़े बदलाव होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

साथियों बात अगर हम ट्रंप प्रशासन 2.0 द्वारा दुनियाँ की आर्थिक मदद बंद करने की करें तो, अमेरिका दुनियाँ भर के करीब 180 देशों को किसी ना किसी रूप में आर्थिक मदद करता रहा है, ये आर्थिक मदद सैन्य सपोर्ट से लेकर मानवीय मदद और इकोनॉमिक डेवलपमेंट फंड्स को लेकर होती रही है।वर्ष 2022 में अमेरिकी ने इस मदद के तौर पर पर करीब 64,000 करोड़ बांटे लेकिन अब डोनाल्ड ट्रंप ने इसे बंद करने की घोषणा की है, उनका कहना है कि अमेरिका केवल इजरायल और मिस्त्र की ही आर्थिक मदद जारी रखेगा बाकि सभी देशों को ये मदद बंद कर दी जाएगी।अब सवाल ये उठता है कि आखिर अमेरिका ने इन दोनों देशों को ही वित्तीय मदद बंद क्यों नहीं की, इजरायल से तो अमेरिका की बेहतरी समझ में आती हैं, लेकिन मिस्त्र से ऐसा याराना क्यों? ये सवाल तो उठता ही है।हाल ही में अमेरिकी विदेश मंत्री ने अधिकांश विदेशी सहायता निलंबित करने की घोषणा की लेकिन महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में इजरायल और मिस्त्र दोनों को सैन्य सहायता से छूट दी। अमेरिका हर साल मिस्त्र को करीब 1.3 बिलियन डॉलर सैन्य निधि के तौर पर क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए देता है। दोनों देश मध्य पूर्व में स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अमेरिका ईरान और विभिन्न आतंकवादी समूहों से होने वाले खतरों का मुकाबला करने के लिए सैन्य सहायता को महत्वपूर्ण मानता है, जिससे ये देश हर तरह के आतंकवाद का सामान कर सकें। हालांकि, ट्रंप प्रशासन ने कुछ क्षेत्रों को इन पाबंदियों से छूट दी है, जैसे आपातकालीन खाद्य सहायता और इसराइल व मिस्त्र को दी जाने वाली सैन्य मदद, विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों और दूतावासों को इस संबंध में नोटिस भेजा है, यह नोटिस ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद जारी कए गए एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के बाद आया है, इसमें विदेश नीति की समीक्षा करने तक 90 दिनों के लिए विदेश में दी जाने वाली सभी तरह की मदद पर रोक लगा दी गई है।

साथियों बात अगर हम मिस्त्र व इसराइल को सहायता शुरूरखने की करें तो, अमेरिकानें पूरीदुनियाँ की वित्तीय सहायता रोकी लेकिन इजरायल और मिस्त्र को इससे अलग रखा इसकी





मध्य पूर्व में अमेरिकी हित और इसे देखते इन दोनों देशों का रणनीतिक महत्व है। अमेरिका इजरायल को सालाना करीब 3.3 बिलियन डॉलर की मदद देता है, ये आर्थिक मदद सैन्य सहायता से भी जुड़ी है।1979 में मिस्त्र की इजरायल के साथ शांति संधि हुई, जिससे इस अस्थिर क्षेत्र में इजरायल को मिस्त्र का ये भरोसा मिला कि वो उस पर कार्रवाई नहीं करेगा, इससे मध्य पूर्व अमेरिकी प्रभाव को मजबूत करने में भी मदद मिली। मिस्त्र के लिए अमेरिकी सैन्य सहायता चरमपंथ से लड़ने और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के उसके प्रयासों का समर्थन करती है, जो राष्ट्रीय स्थिरता और क्षेत्र में आतंकवाद के खिलाफ व्यापक लड़ाई दोनों के लिए महत्वपूर्ण है, मिस्त्र को अमेरिकी सैन्य सहायता मिस्त्र और इजरायल के बीच शांति संधि से निकटता से जुड़ी हुई है, जो 1979 में हस्ताक्षर किए जाने के बाद से क्षेत्रीय शांति की आधारशिला रही है।ये संबंध अरब राज्यों और इजरायल के बीच शत्रुता को रोकने में मदद करता है, जिससे व्यापक क्षेत्रीय सुरक्षा में योगदान मिलता है। अमेरिकी सैन्य सहायता मिस्त्र के सशस्त्र बलों को मजबूत बनाती है, जिससे वे अमेरिकी सैन्य इकाइयों के साथ प्रभावी ढंग से काम कर पाते हैं, यह सहायता मिस्त्र की सेना के आधुनिकीकरण में मदद करती है, जिससे उसे उन्नत हथियार और तकनीक हासिल करने में मदद मिलती है।सैन्य सहायता अमेरिका और मिस्त्र के बीच एक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करती है, जो मध्य पूर्व में अमेरिकी हितों के लिए महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में अमेरिकी रसद और सैन्य अभियानों के लिए मिस्त्र का सहयोग महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से स्वेज नहर तक पहुंच और अमेरिकी बलों द्वारा उपयोग किए जाने वाले ओवर फ़्लाइट मार्गों के संबंध में, यह सहायता मिस्त्र के आंतरिक सुरक्षा तंत्र का भी समर्थन करती है, जिससे राजनीतिक अशांति और सामाजिक चुनौतियों के बीच व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है।

साथियों बात अगर हम विशेष रूप से बांग्लादेश की आर्थिक सहायता बंद करने की करें तो, अब सवाल है कि इस फैसले के बाद बांग्लादेश के विकास पर कितना बड़ा असर पड़ेगा?अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की सरकार ने रविवार को बांग्लादेश को दी जाने वाले सभी तरह की मदद बंद करने का फैसला किया है। यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने बांग्लादेश में अपनी सभी परियोजनाओं को बंद करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने विदेशी देशों को मिलने वाली सभी मदद पर रोक लगा दी है. इसमें बांग्लादेश भी शामिल है जो फिलहाल आर्थिक संकट से गुजर रहा है।ट्रंप सरकार के इस आदेश के बाद दुनियाभर में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास, रोजगार से जुड़े कई प्रोजेक्ट्स के बंद होने का खतरा बढ़ गया है। दरअसल, अमेरिका इन सभी विदेशी प्रोजेक्ट्स के लिए सबसे ज्यादा फंड्स मुहैया कराता है।हालांकि, ट्रंप प्रशासन ने कुछ क्षेत्रों को इन पाबंदियों से छूट दी है, जैसे आपातकालीन खाद्य सहायता और इसराइल व मिस्त्र को दी जाने वाली सैन्य मदद। विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों और दूतावासों को इस संबंध में नोटिस भेजा है। यह नोटिस ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद जारी कए गए एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के बाद आया है, इसमें विदेश नीति की समीक्षा करने तक 90 दिनों के लिए विदेश में दी जाने वाली सभी तरह की मदद पर रोक लगा दी गई है, आर्थिक संकट से जूझ रहा है बांग्लादेश ये मदद ऐसे समय में रोकी गई है जब बांग्लादेश आर्थिक तंगी से जूझ रह है। वर्ल्ड बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बांग्लादेश के लिए जीडीपी ग्रोथ के पूवार्नुमान को 0.1पेर्सेंट घटाकर 5.7 पेर्सेंट कर दिया है. महंगाई दर 10 पेर्सेंट के करीब पहुंच गई है, लगातार बढ़ता बजट घाटा, घटता विदेशी मुद्रा भंडार, करेंसी की वैल्यू में गिरावट और बढ़ती आय असमानता जैसे संकट पहले से बांग्लादेश के लिए मुश्किल पैदा कर रहे हैं।ऐसे में जानकारों का कहना है कि अमेरिकी मदद बंद होने से बांग्लादेश की मुसीबत और ज्यादा बढ़ सकती हैं। यहां कुछ बेहद अहम प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, जैसे खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य कार्यक्रम, जो दुनियाभर में मशहूर हैं, इसके साथ ही लोकतंत्र और सुशासन, बुनियादी शिक्षा और पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रमों पर भी काम हो रहा है।

साथियों बात अगर हम ट्रंप की अमेरिकी फर्स्ट की नीति की करें तो, आज जब डॉनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से अमेरिका की कमान संभाल ली है, तो उनके प्रशासन के जिस पहलू पर बारीकी से नजर रखी जाएगी, वो उनकी विदेश नीति है, अपनी चुनावी रैलियों, मीडिया के साथ संवाद और कैबिनेट के लिए चुने गए साथियों के जरिए ट्रंप ने एक अपेक्षित विश्व दृष्टि और खास तौर से अमेरिका के प्रमुख प्रतिद्वंदी चीन के प्रति नजरिए को सामने रखा है। हालांकि, जब बात अमेरिका की अगुवाई वाली कनेक्टिविटी और अंतरराष्ट्रीय विकास की परियोजनाओं को लेकर ट्रंप के रुख की बात है, तो उनका नजरिया साफ नहीं है। हालांकि, विश्लेषकों के लिए ट्रंप का पहला कार्यकाल एक ऐसा असरदार ढांचा है, जिसके माध्यम से वो विदेशी सहायता और कनेक्टिविटी को लेकर ट्रंप की नीतियों और उन नए व्यापारिक मार्गों की प्रासंगिकता का अंदाजा लगा सकते हैं, जिनमें अमेरिका शामिल है।ट्रंप अपने चुनावी वादों को लागू करने में जुट गए हैं। उनका सबसे प्रमुख वादा है अमेरिका को फिर से महान बनाना। अगर ट्रंप पूरे दमखम से इस वादे को पूरा करने का प्रयास करते हैं तो यह तय है कि वैश्विक परिदृश्य में बड़े बदलाव होंगे। यह बदलाव आर्थिक, रक्षा के साथ कूटनीतिक रिश्तों को भी नए सिरे से परिभाषित करेंगे।

# वृंदावन में भूमाफियाओं का आतंक आखिर कब मिलेगा छुटकारा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/व्रन्दावन।** ब्रज धाम का सबसे पावन धाम वृंदावन को कहा जाता है। पर बढ़ते जमीनों के कब्जों से तो लगता है कि मानो वृंदावन धाम की छवि को ग्रहण लग गया हो।

इस समय जितनी भीड़ वृंदावन में देखने को मिल रही है उससे कही ज्यादा आश्रमों,खाली पड़े प्लॉटों पर कब्जों के मामले देखे जा सकते है।इन भूमाफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि ये अपने आगे न तो किसी कोर्ट को मानते है और न ही किसी प्रशासन को।इनका सिर्फ एक ही मकसद रहता है कि कौन सी जमीन बाहर के व्यक्ति की है और कौन सी जमीन बाबा जी की है। बस इन्हें पता चलना चाहिए उसके बाद शुरू होता है असली खेल। पहले तो एक फर्जी रजिस्ट्री करवाई जाएगी,फिर उसके बाद दबंगई से उसपे कब्जा करने की कोशिश की जाएगी अगर कब्जा करने में असफल रहे तो फिर एक फर्जी केस कोर्ट में डाला जाएगा।

जिससे कि न तो जमीन का असली मालिक उस जमीन पर कुछ कर पाए और न ही बेच पाए।

कोर्ट केस में फसने के कारण ये भूमाफिया उस जमीन को सेटलमेंट करके इन्हें दे देते है या फिर किसी भोले भाले इंसान को फसाकर उसको उस जमीन को बेच देते है। और उससे मोटा पैसा लेके रफूचक्कर हो जाते है। ऐसे सैकड़ों केस आज मथुरा वृंदावन में देखने को मिल जाएंगे। ऐसा ही एक मामला सामने आया।कृष्ण कृपा धाम परिक्रमा मार्ग के बिल्कुल सामने जहां हरियाणा के एक व्यक्ति की जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जा करने की कोशिश की गई।

जब इसकी सूचना जमीन के असली मालिक को पता चली तो उसने अपने जानकर योगेश गौतम जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद को वहां भेजा तो पता चला कि कुछ व्यक्तियों के द्वारा जमीन पर लगे गेट को उखाड़ कर फेक दिया गया और वहां पर जेसीबी के द्वारा प्लॉट में काम कराया गया।मगर असली बात तो तब निकल कर सामने आई जब मीडिया से बात करते हुए पीड़ित ने बताया कि सरकारी विभाग का कर्मचारी सतीश राजपूत जो कि स्वास्थ विभाग में कार्यरत है व सत्यम गौतम पुत्र दिलीप गौतम व महेश बघेल ने उस जमीन को एक डॉ भास्कर तिवारी को बेच दिया जबकि उस जमीन पर पहले से ही कोर्ट केस चल रहा है। और माननीय कोर्ट के द्वारा उस जमीन पर स्थाई स्टे भी दिया हुआ था। और कानूनन जिस प्रॉपर्टी पर केस में अगर स्टे लगी हो तो। न तो व्यक्ति उसे बेच सकता है और न उसमें कोई कार्य करा सकता है।

मगर आप दबंगई देखिए कि दबंग व्यक्तियों के द्वारा वहां चढ़े फाटक को तोड़कर प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की गई।जोकि माननीय कोर्ट की अभेलना है।जब इसकी शिकायत सी ओ सदर से की गई तो सी ओ सदर ने तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस प्रशासन को वहां भेजा और जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे के काम को रुकवाया। सोचने वाली बात ये है कि असली मालिक दर दर की ठोकर खा रहा है और नकली मालिक जमीन को बेच कर मजे उड़ा रहा है।

## उत्तर प्रदेश दिवस पर सिकरवार समेत आठ विशिष्ट हस्ती सम्मानित

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश दिवस समारोह में राज्य सरकार की ओर से जनपद की आधा दर्जन विशिष्ट महिलाओं समेत आठ लोगों को सम्मानित किया गया। बीएसए इंजी कालेज के मंच पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, विधायक पूरन प्रकाश व राजेश चौधरी ने साहित्य जगत में विशिष्ट स्थान रखने पर लेखिका डॉ0 अनीता चौधरी, चित्रकार व बलदेव पब्लिक स्कूल की शिक्षिका कु प्रीति चौहान, गीता शोध संस्थान (ब्रज तीर्थ विकास परिषद) के कोआर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, डॉ0 सीमा मोरवाल, डॉ0 श्वेता गोस्वामी, उद्घोषिका श्रीमती रश्मि शर्मा तथा उद्घोषक डा. अनिल चतुर्वेदी को शॉल उढाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उत्तर प्रदेश थीम पर गीत प्रस्तुत किया गया जिसे गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन के प्रशिक्षु कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुति दी। निर्देशन संस्थान के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने और संयोजन गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया। मंचन में संगीत संयोजन आकाश शर्मा ने किया।

# कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी का भव्य वार्षिक कार्यक्रम अयोजित



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी ने 25 जनवरी 2025 को आयोजित किए गए वार्षिक कार्यक्रम में एक नई ऊँचाईयों की ओर कदम बढ़ाते हुए समृद्धि और सांस्कृतिक विकास की ऊर्जा का प्रदर्शन किया। इस अद्वितीय कार्यक्रम के मुख्य अतीथियों में महाराज श्री कामवन घाटकोपर महाराष्ट्र व विशिष्ठ अतिथि श्री अतुल बी लाल डिक्सन लिमिटेड के वाइस चेयरमैन व मैनिजिंग डायरेक्टर शामिल थे

कार्यक्रम मे कृषणाश्रय गुरुकुल परिवार के सदस्यों की माताओ को शॉल भेंट किए गए जिसने कार्यक्रम को एक अद्वितीय और गरिमामय क्षण बना दिया। साथ ही, इस शानदार समारोह में खगेश कुमार , लक्ष्मी सोनी, दीपा शर्मा, कृति शुक्ला, हरि शंकर व दीपक शर्मा को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ छात्र अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी के संस्थापक श्री संजय कोठारी जी, ट्रस्टी श्री सुशील बाहेती जी अंबुजा फाउंडेशन के सीनियर जनरल मैनेजर श्री मनोज अग्रवाल जी जोनल मैनेजर श्री विष्णु प्रसाद जी सेंटर इन चार्ज श्री राम मोहन लवानियां, और कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

इस आनंददायक समारोह में गोपेश्वर महादेव की लीला ओर अन्य सांस्कृतिक अद्भुत प्रस्तुति ने गुरुकुल प्रांगण को प्रेम रस से सराबोर कर दिया उसके पश्चात 76 गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य मे देश के शहीदों को समर्पित देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत कियो तद्पश्चात इंटर कॉलेज यूथ आइकन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें आदर्श कामिनी विद्या निकेतन , गोवर्धन , श्री बाबूलाल महाविद्यालय डिग्री कॉलेज, गोवर्धन, श्रीमती शीला जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक इंटर कॉलेज, बहज, श्री राधारमण इंटर कॉलेज, राधा कुंड, श्री गिरिधारीलाल गर्ल्स कॉलेज, पेठा के छात्र शामिल हुए।

प्रशिक्षण संस्थान है जो 2016 से युवा वर्ग की समृद्धि के लिए समर्पित होकर ब्रज क्षेत्र में कौशल विकास ओर कृषि क्षेत्र मे कार्य कार रहा है।कौशल विकास के माध्यम से समुदाय को सशक्त बनाने के लिए संस्थान ब्रज के युवाओं के लिए एक आशा की रोशनी है।

## नौनिहाल मोहम्मद अरकम दानिश ने कुरान शरीफ किया मुकम्मल



**संतकबीरनगर।** अलहुदा पब्लिक स्कूल सेमरियावां कक्षा दो के आठ वर्षीय छात्र मोहम्माद अरकम दानिश ने पवित्र धर्मग्रंथ कुरान शरीफ नाजरा मुकम्मल किया है।कम उम्र में इस उपलब्धि पर लोगों ने बधाई और आशीर्वाद दिए हैं।सेमरियावां निवासी मोहम्मद अरकम दानिश पुत्र दानिश रहमान ने यह उपलब्धि हाफिज गुफरान अहमद की निगरानी में प्राप्त की है। पाठ्यक्रम के अनुसार जिसे कक्षा पांच तक पूर्ण करने का अवसर था।मोहम्मद अरकम ने उसे अपनी मेहनत और लगन से कक्षा दो में ही कुरान शरीफ के तीस पारे पढ़कर पूर्ण कर लिए। मदरसा तालीमुल कुरान के मौलाना गुफरान अहमद नदवी ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया है। मो अरकम दानिश की इस कामयाबी पर हाजी मशहूर आलम चौधरी,मौलाना मो मुनीर नदवी,मौलाना मो रिजवान नदवी,मुजीबुर्रहमान कासमी,जफीर अली करखी,मो मोकर्रम ,मुनीर हसन चौधरी,फिरोज अहमद नदवी,तौफीक अहमद, मुजीबुल्लाह,शमशेर अहमद,फैजान अहमद ,वसीम अहमद प्रिंसिपल सतीश चंद,मुनव्वर खान, मसरूर खान,मो अदनान दुरार्नी, अतहर करखी,मो परवेज अख्तर,महेंद्र श्रीवास्तव,मातिउर्रहमान,ताबिश रहमान,आसिफ रहमान,आकिब रहमान, मो सलमान,उस्मान,सादिक जफीर,मो तारिक,मो खालिद,एवं घर परिवार के सदस्यों ने खुशी का इजहार करते हुए बच्चे की इनाम देकर हौसला अफजाई किया। लोगों ने ढेर सारी दुआएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## थाना हाथरस गेट पर पुलिस ने कई डिग्री कॉलेज के छात्रों को स्टूडेंट्स पुलिस एक्सपीरियंशल लर्निंग प्रोग्राम में समझाई पुलिसिंग

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में स्टूडेंट्स पुलिस एक्सपीरियंशल लर्निंग प्रोग्राम 2.0 के तहत विभिन्न डिग्री कॉलेज, से आये छात्रों को थाना हाथरस गेट पर पुलिस और प्रशासनिक कार्यों के प्रति जागरूक किया गया तथा थाने का भ्रमण कराकर पुलिस द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट शिव कुमार शर्मा, निरीक्षक मुकेश बाबू (प्रभारी रढएछ) एवं विभिन्न डिग्री कॉलेज से आये हुए छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्रों को अनुभवात्मक सिखलाई के अन्तर्गत कानून और आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान, यातायात नियंत्रण, साइबर क्राइम, मानव तस्करी, कानून व्यवस्था आदि विषयों पर जानकारी देते हुए पुलिस के प्रति नेतृत्व, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों को विकसित करने के लिए जागरूक किया गया।

छात्रों को सूक्ष्म जलपान कराकर पुलिस थाना कार्यालय, परिसर, मालखाना, हवालात आदि का भ्रमण कराया गया एवं कार्यालय में किये जा कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक हाथरस गेट द्वारा विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे- फ्राड स्कीम, .अढङ फाइल फ्राड, डिजिटल अरेस्ट, अपरिचित नम्बर से कॉल कर होने वाले फ्राड, एआई के द्वारा फोटो वीडियो एडिट कर होने वाले फ्राड आदि के बारे में बताते हुए उनसे बचने के तरीकों के बारे में बताते हुए साइबर सम्बन्धी शिकायतो हेतु सरकार द्वारा जारी हेल्पलाईन नम्बर 1930 के बारे में बताया गया।साथ ही थाने पर प्रतिदिन होने वाली जनपसुनवाई एवं महिला सम्बन्धी शिकायतों के लिए बने महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी गई।

## केएम अस्पताल की टीम हुई सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** हर वैद्य(चिकित्सक) में हनुमान का वास है और वैद्य के लिए मरीज की जान भगवान लक्ष्मण के सामान है। ये बातें जिला कारागार मथुरा अधीक्षक अंशुमन ने 76वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर जिला कारागार मथुरा में केएम अस्पताल के चिकित्सकों के सम्मान में कहीं।

कार्यक्रम में कारागार के कर्मचारियों एवं कैदियों ने देशभक्ति गानों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इसके उपरांत जेल अधीक्षक ने कारागार में निरुद्ध गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों के उपचार में तत्परता के साथ उपचार करने वाले केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम के लीडर व अस्थि रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. पंकज त्यागी को चिकित्सीय सेवाओं एवं अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

जिला कारागार चिकित्साधिकारी डा. उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी ने बताया कि केएम मेडीकल एंड हॉस्पिटल के चेयरमैन किशन चौधरी द्वारा जिला कारागार में कैदियों के स्वास्थ्य चेकअप के लिए भेजी टीम पिछले कई वर्षों से मथुरा न्यायाधीश, मथुरा सीएमओ, जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति से प्रत्येक सप्ताह में एक बार सभी बैरकों के कैदियों का उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण करती है। इस प्रशंसनीय कार्य के लिए 76वें गणतंत्र दिवस पर केएम अस्पताल की टीम को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर कारापाल सुशील कुमार वर्मा, चिकित्साधिकारी डा0 उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे।

## दो बाइक का आपस में टक्कर, तीन लोग घायल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 3308 को इवेंट सं0 46361 से थाना महुली क्षेत्रांतर्गत सडहरा के पास दुर्घटना में घायल 03 व्यक्तियों सोनू पुत्र केशवान निवासी सडहरा थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, संदीप पुत्र किल्लू निवासी भगता थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, संजीवन लाल गौतम पुत्र ओमप्रकाश निवासी निब्बाहोरिल थाना महुली जनपद संतकबीरनगर के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी आ0 उत्तम चौधरी, हो0चा0 रामकेश मौर्या ने घटनास्थल पर समय से पहुँचकर घायल व्यक्तियों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु सी0एच0सी0 नाथनगर भेजवाया गया।घटना के सम्बन्ध में महुली को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर दुर्घटना में घायल को ईलाज हेतु सी0एच0सी नाथनगर भेजवाया गया।

## 128 वाहनों से 1,29,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 128 वाहनों से 1,29,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

## जिलाअस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था एवं जनरल वार्ड में गन्दी चादरे बिछी होने पर डीएम खफा

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मंगलवार सुबह जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन में हड़कम्प मच गया। अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था सही नही पाए जाने एवं जनरल वार्ड में गन्दी चादरे बिछी होने पर डीएम ने सीएमएस को कड़ी फटकार लगायी। बैड के ऊपर बिछी चादरों को कलर कोडिंग के आधार पर तत्काल बदलने व अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रातः 9.30 बजे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने पर्ची काउंटर,हड्डी रोग विशेषज्ञ,फिजिशियन,सर्जन कक्ष,नेत्र परीक्षण कक्ष,दवा वितरण कक्ष,महिला ओपीडी कक्ष जनरल महिला व पुरुष वार्ड आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश सीएमएस को दिए।

इस दौरान उन्होंने आपातकालीन कक्ष का भी निरीक्षण किया। अस्पताल के बरामदे में रखी गई आलमारियों के ऊपर खराब गत्ते के बॉक्स व निष्प्रयोज्य सामाग्री के साथ ही अस्पताल के मुख्य गेट के पास खराब फ्लेक्सी,बैनर होर्डिंग अव्यवस्थित तरीके से रखी गई सामाग्री देखने को मिली।जिस पर जिलाधिकारी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमएस को खराब सामाग्रियों को नियमानुसार विनिष्टिकरण एवं नीलामी के निर्देश देते हुए अस्पताल परिसर को साफ व स्वच्छ रखने की सख्त हिदायत दी। तथा अनावश्यक सामग्री को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में कई जगहों पर बिजली के तार व स्विच बोर्ड खुले देखने को मिले।

जिलाधिकारी ने इसे तत्काल ठीक कराते हुए सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश सीएमएस को दिए।जिलाधिकारी ने जन औषधि केंद्र का भी निरीक्षण किया।जन औषधि केंद्र निरीक्षण के दौरान बन्द मिला। जिस पर जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देश देते हुए कहा कि जन ओषधि केंद्र तय समय के भीतर खुले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। ताकि जनसामान्य को समय पर और उचित दरों पर औषधि उपलब्ध हो सके।जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। जिसमें दो डॉक्टर नदारद मिले। बायोमैट्री से डॉक्टरों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज नही होने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित कर्मचारी को कड़ी फटकार लगायी। निरीक्षण के दौरान सीएमएस एसपी त्रिपाठी जनरल सर्जन डॉ राजीव उपाध्याय, आदि उपस्थित रहे।

## जीपीए प्रतिनिधि मंडल ने प्रभारी निरीक्षक बेलहर से की औपचारिक मुलाकात



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मेंहदावल इकाई का एक प्रतिनिधि मंडल तहसील अध्यक्ष महबूब पठान के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक बेलहर नंदू गौतम से मुलाकात की।महबूब पठान द्वारा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित तहसील इकाई के पदाधिकारीगणों की सूची प्रभारी निरीक्षक बेलहर को सौंपी गई।

महबूब पठान ने कहा कि यह मुलाकात संगठन से संबंधित मुलाकात हैं जिसमें संगठन के पदाधिकारियों की सूची,बेलहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जीपीए पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ माह में एक बैठक बेलहर थाना पर आयोजित किया जाए जिससे कि पत्रकार साथियों की किसी प्रकार की समस्याओं का निराकरण किया जा सके।

प्रभारी निरीक्षक नंदू गौतम ने तहसील अध्यक्ष महबूब पठान को आश्वस्त किए कि माह में एक बैठक पत्रकार साथियों के साथ होगी जिससे कि प्रशासन व पत्रकार साथियों में सामंजस्य बना रहे। इस मौके पर के सी चौधरी,सतीश मिश्रा,रफीक अहमद, बनारसी चौधरी,इजहार अहमद समेत आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## जेल अधीक्षक ने मुकुल शर्मा को किया सम्मानित



**मथुरा।** जेल प्रशासन ने उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संरक्षित उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक लखनऊ के पदाधिकारी मुकुल शर्मा को सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस पर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग द्वारा समाजसेवी मुकुल शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समाजसेवी मुकुल शर्मा द्वारा बंदियों के लिए समय समय पर बंदियों के हितों के लिए कार्य किए जाते हैं। गणतंत्र दिवस पर एक बंदी जो केवल जुमार्ने की वजह से सजा काट रहा था, उसका जुमार्ना जमा करके उसको रिहा कराया गया और उसको शपथ दिलाई की बाहर निकलकर वो अपराध से दूर रहकर अपने आप को अच्छे कार्य में सम्मलित करे।इस अवसर बंदियों के लिए गर्म ट्रैक सूट प्रदान किए गए। इस अवसर जेल अधीक्षक द्वारा समाजसेवी द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा की। इस दौरान जेल प्रशाशन सहित सुरेंद्र कुमार, श्यामसुंदर, आगरा मण्डल सचिव कपिल देव शर्मा मौजूद रहे।

## कमिश्नर मण्डल बस्ती के द्वारा हुआ उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** सद्गुरु कबीर की याद में 28जनवरी से 3 फरवरी तक कबीर चौरा परिसर में लगने वाले कबीर मगहर महोत्सव का उद्घाटन मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि कमिश्नर बस्ती अखिलेश सिंह ने पांडाल का फीता काटने के बाद संयुक्त रूप से कबीर की तस्वीर के सामने व, चेयरमैन अनवरी बेगम,महंत विचारदास के साथ द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।अध्यक्षता कबीर चौरा मठ के महंत विचार दास ने किया।

गौरतलब हो कि वर्ष1987से लगने वाले महोत्सव का आयोजन होरहा है।उद्घाटन करने से पहले कमिश्नर बस्ती अखिलेश सिंह मंगलवार को कबीर चौरा परिसर में पहुंचकर कबीर की समाधि व मजार पर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया।इसके बाद परिसर में बने कबीर की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद महोत्सव में लगी विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

चेयरमैन अनवरी बेगम ने सबसे पहले मुख्य अतिथि कमिश्नर व डीआईजी को बुके देते हुए ,नगर कमेटी,अपनी जनता व मुख्य अतिथि के प्रति मगहर महोत्सव के आयोजन के लिये आभार व्यक्त करते हुये कहा कि महोत्सव सफल हो ऐसी कामना है।

इस अवसर पर डीएम, एसपी,सीडीओ,सीएमओ, मेला सचिव एसडीएम सदर शैलेश दूबे,सीओ सदर अजीत चौहान,,सैय बर्मा,डाक्टर हरिशरण शास्त्री,शिव कुमार गुप्त,पवन श्रीवास्तव,सन्त केशव दास,मोतवल्ली खादिम हुसैन, प्रधानाचार्या सबीहा मुमताज,डाक्टर राकेश सिंह,चेयर्मप्रतिनिधि नीलमणि, सन्त रामलखनदास उर्फ लालबाबा, पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा,अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान : हाथरस में बीजेपी जिलाध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष शरद महेश्वरी ने अटल जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम को लेकर मंगलवार की दोपहर भाजपा जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए हर्ष का विषय है कि यह वर्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष है, अटल की जयंती 25 दिसबंर को सुशासन दिवस के रूप मनाई गयी। सभी देशवासी गौरवान्वित हैं कि देश के दूरदर्शी, कर्मठ एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहे एवं अटल की सोच साकार हो रही है। अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान- हम सभी भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता एवं अटल के प्रिय देशवासी, अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान 2025 के माध्यम से 31 जनवरी 2025 तक सभी जिलों में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करेंगे जिनके पास श्रद्धेय अटल जी के साथ साझा किये गये किसी भी क्षण की स्मृति या तो कागजी माध्यम (पेपर कटिंग, किताब पर दिया गया ऑटोग्राफ) या अन्य कोई कागज जो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अटल जी से सम्बद्ध है या स्मृति का ऑडियो क्लिप, विडियो क्लिप उपलब्ध है।

हम लोग इस अभियान के अन्तर्गत उन पुण्य जिलावासियों के पास जाकर उन्हे सम्मानित कर उपलब्ध स्मृति को सम्मान पूर्वक उसकी एक कॉपी लेकर संकलित करेंगे, हम सभी इसी अभियान के अन्तर्गत उन भाग्यवान व्यक्तियों- कार्यकताओं को भी चिन्हित करेंगे जिन्होने प्रत्यक्ष रूप से श्रद्धेय अटल के साथ राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी या संघ के किसी अनुसांगिक संगठन में कार्य किया हो हम उन सभी वरिष्ठ जनों को सूचिबद्ध कर सम्मानित करने का कार्य करेंगे। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत अटल पर लिखे गये लेखों, पुस्तकों को एकत्रित कर सूचिबद्ध किया जायेगा। तदोपरान्त इनमें से चुनी हुई जानकारी हम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करेंगे।

# जिन्होंने मृत्यु पर सर्वप्रथम विजय पाई वह है आदिनाथ: मुनिश्री विलोकसागर

वेलकम इण्डिया



**झाँसी।** नगर के शहर क्षेत्र स्थित श्री अतिशयकारी पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन कटरा मन्दिर में मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में जैन दर्शन के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्षकल्याणक महोत्सव श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पूज्य मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज ने अपनी दिव्यवाणी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिन्होंने मृत्यु पर सर्वप्रथम विजय पाई वह है ऋषभदेव आदिनाथ भगवान। जहां एक ओर कर्मभूमि के प्रारंभ में राज्य अवस्था में ऋषभदेव ने प्रजा को असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य, शिल्प आदि षट्कर्मों की शिक्षा देकर सृष्टि के संचालन का मार्ग प्रशस्त किया तो वहीं दूसरी ओर जैनेश्वरी दिगम्बर दीक्षा धारण कर श्रमण संस्कृति का प्रवर्तन किया। इस अवसर पर प्रथम निर्वाण लाडू समर्पित करने करने का सौभाग्य श्रीमति ममता - प्रदीप जैन, श्रीमति निकिता - सजल जैन चैनू, द्वितीय निर्वाण लाडू समर्पित करने सौभाग्य श्री दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, तृतीय निर्वाण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य जैन गुदरी महिला मण्डल एवं चतुर्थ निर्वाण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य श्री मंगलाचरण महिला मण्डल को प्राप्त हुआ। इसके पूर्व श्रीमति वर्षा जैन के प्रतिनिधि के रूप में सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं हितांत विनोद जैन, खुशाल जैन, कमलेश जैन, नरेश जैन मल्लन, अर्पित जैन आदि ने इंद्रों की भूमिका में श्रीजी का महामस्तकाभिषेक किया। बोली के माध्यम से शांतिधारा कराने का सौभाग्य श्रीमति वर्षा जैन, दीप्ति जैन, सुमन जैन को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर समाजश्रेष्ठी रमेशचंद जैन अछरौनी, डॉ प्रमोद जैन, जिनेन्द्र सर्राफ, रविन्द्र जैन रेल्वे, दिनेश जैन डीके, मनीष जैन चंदेरी, अखिल जैन, नीलेश जैन सागर गेट, विनोद जैन ठेकेदार, प्रमोद जैन वैरायटी, अखिल जैन पिंटू, आलोक जैन विश्वपरिवार, अमित जैन छोटू, प्रमोद जैन बब्बा, शरद जैन, श्रीमति सुषमा जैन, सुधा सर्राफ, संगीता जैन, अर्चना जैन, अंजू जैन, ममता जैन, दीपाली सिंघई, रूपम जैन, पिंकी जैन, सुनीता जैन, मधु जैन, सविता जैन, राखी जैन, रानी जैन, ममता जैन बबली, लक्ष्मी जैन, पूनम जैन, उषा जैन, सीमा नायक, कविता जैन सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा अर्चना कर अर्घ्य समर्पित किए। श्रीमति मेघा सिंघई एवं दीक्षा जैन ने संगीत के स्वर लहरियों के साथ पूजन सम्पन्न कराई। कार्यक्रम का संचालन सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार खुशाल जैन एवं कमलेश जैन ने व्यक्त किया।

गुरुवार 30 जनवरी को होगा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के मुख्य पात्रों का चयन

युवा समाजसेवी सौरभ जैन सर्वज्ञ ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार 30 जनवरी को शहर क्षेत्र स्थित कटरा जैन मंदिर के बाहर भव्य पांडाल में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की महापूजा एवं पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव (विश्वशांति महायज्ञ) के मुख्य पात्रों का चयन किया जाएगा।

## जिला अस्पताल के इमरजेंसी मे ड्यूटी से गायब मिले तीन स्वास्थ्य कर्मी, सस्पेंड

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने तीन स्वास्थ्य कर्मियों को 15 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया। 25 जनवरी की रात इमरजेंसी का औचक निरीक्षण करते समय स्टॉफ नर्स आशुतोष श्रीवास्तव सिद्धार्थनगर। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी से ड्यूटी छोड़कर नदारद रहे तीन कर्मियों को प्राचार्य ने सस्पेंड कर दिया है। प्राचार्य ने तीनों कर्मियों को 15 दिनों के लिए सस्पेंड किया है। प्राचार्य प्रो. डॉ. राजेश मोहन ने बताया कि 25 जनवरी की रात लगभग 11 बजे वह मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान इस दौरान स्टॉफ नर्स आशुतोष श्रीवास्तव, स्टॉफ नर्स सत्येंद्र कुमार व मल्टी परपज जनरल डाक्टर वसीम अकरम ड्यूटी से नदारद थे। इमरजेंसी ड्यूटी छोड़कर नदारद रहने पर तीनों कर्मियों के खिलाफ 15 दिनों के लिए कॉलेज से सस्पेंड कर दिया गया है।

# ध्वजारोहण कर स्मारक पार्क का हुआ उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद हापुड़ डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश जनपद हापुड़ के द्वारा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम चौक सिकंदर गेट हापुड पर आयोजित 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के भव्य कार्यक्रम मे युट्यूबर स्टार सलमुद्दीन व निवर्तमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा व सोसायटी के चेयरमैन मो दानिश कुरेशी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया, नगर पालिका परिषद हापुड व डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी हापुड़ ने संयुक्त रूप से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पार्क का सौंदर्यकरण कराया जिसका उद्घाटन युट्यूबर स्टार सलमुद्दीन व निवर्तमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा व नगर पालिका परिषद हापुड़ के ब्रांड एंबेसडर मो दानिश कुरेशी ने किया, सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरेशी, कोषाध्यक्ष दिलशाद अली, वाइस चेयरमैन डॉ असद सिद्दीकी ने सलमुद्दीन व उनकी पूरी टीम व उमेश राणा को पगड़ी पहनाकर व पूर्व राष्ट्रपति की तस्वीर स्टैचू भेटकर स्वागत व अभिनंदन किया सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 2017-18 में सोसाइटी की मांग पर नगर पालिका परिषद हापुड़ के द्वारा सिकंदर गेट हापुड़ पर ग्रीन बेल्ट पार्क का निर्माण कराया गया था जो अब जर्जर अवस्था में था नगर पालिका के द्वारा पुनः इंटरलॉकिग झंडे का स्तंभ आदि का कार्य कराया गया व सोसाइटी ने पार्क के सभी बाहरी हिस्सो पर पुनः प्लास्टर पक्का पेंट सौंदर्यकरण आदि अपने निजी खर्चे पर कराया जिसका उद्घाटन आज गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर किया गया, जिसके लिए नगर पालिका परिषद हापुड की अध्यक्ष पुष्पा देवी व अधिशासी अधिकारी उप जिलाधिकारी मनोज कुमार व अवर अभियंता प्रमोद कुमार धन्यवाद व प्रशंसा के पात्र हैं यूट्यूबर स्टार सलमुद्दीन ने सोसायटी के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वैलफेयर सोसायटी हापुड के आज मे तीसरे कार्यक्रम में आया हूं सोसायटी बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है सभी लोगों को सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर युट्यूबर स्टार सलमुद्दीन व निवर्तमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा व सोसायटी के चेयरमैन मो दानिश कुरेशी, डा दिलशाद अली, डा असद सिद्दीकी, उप निरीक्षक विवेक चौहान, प्रशांत चौधरी, शाहरुख खान, आसिफ मंसूरी, आशु एम एस, मसरूर सलमानी, बुल्टा, फिरोज कुरैशी, मो समीर, जिशान, दानिश सैफी, रायल वसीम एसआरके, मौ अहमद, प्रभजोत सिंह, मोईन, परवेज चौधरी मुस्तफा आदि उपस्थित रहे।

## बजरंग दल की बैठक: जिला कार्याध्यक्ष ने युवाओं को संगठन से जुड़ने की अपील की



**मलिहाबाद, लखनऊ।** गौंदा मुअज्जम मगर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की प्रांत योजना बैठक संपन्न। आपको बता दें कि मलिहाबाद प्रखंड के अंतर्गत आने वाले गांव गौंदा मुअज्जम मगर में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की प्रांत योजना बैठक के तहत संगठन का विस्तार करते हुए नए कार्यकताओं को जोड़ा गया ।बैठक कार्याध्यक्ष भूपेंद्र के अध्यक्षता में की गयी ।युवाओं को बजरंग दल से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा की सबको देश को हिंदू राष्ट्र बनाना है। जातिवाद छोड़कर समाज के लिए कार्य करना है ।जिसमें सूरज सिंह ने संगठन पर चर्चा करते हुए हिंदू समाज को एकत्रित और सशक्त बनाने पर बल दिया वहीं रवि राजपूत ने युवाओं को बजरंग दल से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा है कि हम सबको यदि हिंदू राष्ट्र बनाना है तो जातिवाद को छोड़कर के केवल, समाज के लिए कार्य करना होगा ।इस मौके पर दर्जनों कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई ।

## शादी का झूठा वादा कर युवक ने बनाया शारीरिक संबंध, गर्भवती होने पर हुआ फरार



**भनवापुर/सिद्धार्थनगर।** जनपद के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के द्वारा बेटी से शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महिला का आरोप है कि कठेला समय माता थाना क्षेत्र के एक गांव में उसके रिश्तेदार के साथ गई थी, जहां उसने संबंध बनाया था, लड़की के गर्भवती होने के बाद से वह फरार है। इस मामले में पुलिस को मौखिक सूचना देने की बात आ रही है। थानाध्यक्ष विजयशंकर सिंह का कहना है कि दो सप्ताह पहले महिला ने मौखिक शिकायत की थी, जिसके बाद आरोपी से बात की गई, उसके बाद महिला ने बाद में आने की बात कही। अगर महिला कोई शिकायत देती है, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा कार्यकर्ता की इलाज के दौरान हुई मौत

**रामघाट /बुलंदशहर।** भाजपा कार्यकर्ता की इलाज के दौरान हुई मौत। जिसका राजघाट गंगा घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया है एटा के पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया ने सहित भाजपा कार्यकताओं ने उनके घर पर जाकर नम आंखों से शोक व्यक्त कर दी अंतिम विदाई आपको बता दें डिबाई क्षेत्र के ग्राम तुलसी नगला निवासी भाजपा कार्यकर्ता राहुल वर्मा के पिता राकेश कुमार लोधी नेताजी काफी दिनों से बीमार चल रहे थे जिनकी दिन मंगलवार को तबीयत ज्यादा खराब होने पर उनकी मृत्यु हो गयी उनका अंतिम दाह संस्कार गंगा घाट राजघाट पर किया गया।

# पुलिस ने नशे की 304 टैबलेट सहित दो युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



वेलकम इण्डिया

**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** मोहाना पुलिस ने 304 गोली नशे की दवा के साथ दो आरोपियों को रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर चालान कर दिया। एसओ मोहाना अनूप मिश्र कुमार ने बताया कि वह हमराहियों के साथ क्षेत्र गश्त पर थे। इसी दौरान दो व्यक्ति ककरहवा जंगल के पास मगरहिया मोड पर तेजी से जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो दोनों भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से 304 गोली नशे की दवा बरामद हुई। पकड़े गए दोनों अभियुक्त मोहाना थाना के मैनुद्दीन निवासी बर्डपुर नंबर चार टोला माधोपुर और नियाज अहमद निवासी बर्डपुर नंबर टोला छोटकी बेलहरी के रूप में हुई। दोनों पर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज करके चालान कर दिया। पकड़ने वाली टीम में चौकी प्रभारी ककरहवा राकेश कुमार त्रिपाठी शामिल रहे।

# सिद्धार्थनगर महोत्सव का आगाज आज लखबीर सिंह के भजन से सजेगी शाम

वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** जनपद स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सिद्धार्थनगर महोत्सव इस बार 29 जनवरी से दो फरवरी के बीच आयोजित है। पांच दिवसीय महोत्सव में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों को लेकर गोष्ठियां होंगी। स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को सुबह 11:00 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। रात में लखबीर सिंह लक्खा की भजन संध्या कार्यक्रम के साथ महफिल का आगाज होगा।

वहीं कनिका कपूर, भोजपुरी कलाकार कल्पना पटवारी व रितेश पांडेय, बृजेश शांडिल्य, मरियम जकरिया व महक चहल भी अलग-अलग दिनों में अपने सहयोगियों के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुति पेश देंगी। कार्यक्रम के लिए सजा भव्य पंडाल इस बार सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया। महोत्सव में लगाए अधिकारियों के साथ ही सिद्धार्थनगर महोत्सव का प्रभारी अपर जिलाधिकारी उमाशंकर को बनाया गया है, जिससे किसी प्रकार की कोताही न होने पाए। अराजक तत्वों से निपटने के लिए पंडाल के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर दी गई है।

पुलिस जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। सभी विभागों के स्टाल भी लग गए हैं। तीन वर्ष बाद मौत कुआं, लोगों के मनोरंजन के लिए झूला लगा है। सिद्धार्थनगर महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर उड़ रहा बैलून लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। पंडाल में झूमर भी लगा है। जो पूरे पंडाल को और आकर्षण प्रदान कर रहा है। जिलाधिकारी ने इस बार पास की संख्या घटाकर वीआईपी कल्चर को भी कम कर दिया है। वहीं पुलिस विभाग की तरफ से कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं।

साफ-सफाई के लिए नौगढ़ व बर्डपुर, उस्का बाजार के 99 सफाई कर्मचारी जिला पंचायत राज विभाग ने लगाए हैं, जिससे पंडाल स्थल के साथ ही पूरे परिसर को स्वच्छ रखा जा सके। इसके साथ नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

## पीएमश्री राइंका भटखोला ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**बागेश्वर।** पीएमश्री राइंका भटखोला में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया । मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास ने कहा कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को लेकर लगातार काम कर रही है। छात्रों को उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए आधुनिक शिक्षा के माध्यम से छात्रों का सर्वांगीण विकास करने की कोशिश की जा रही है ।आधुनिक शिक्षा और समुचित विकास का लाभ दूर-दराज के लोगों को भी मिलेगा। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नंदा राजजात का मनमोहक कार्यक्रम पेश किया। अतिथियों ने बोर्ड के टॉपरों के अलावा विभिन्न क्षेत्र में अव्वल रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। राइंका भटखोला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक विनय कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति में उन खेलों को भी शामिल किया गया है।

# पशुओं के मसीहा बने जेल अधीक्षक, सर्द मौसम मे ठंड से बचाने के लिए गौ माताओं को पहनाया ऊनी कंबल

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** जनपद के जिला कारागार अधीक्षक सचिन वर्मा द्वारा मंगलवार को पशुओं को कंबल पहनाने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य सर्दी के मौसम में घुमंतू तथा उसका ब्लॉक के महरिया गौशाला में रह रहे पशुओं को ठंड से राहत प्रदान करना था। कुल 72 पशुओं को कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और पशुओं की देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां हमें मानवता और करुणा के मूल्य सिखाती हैं।

*गौ सेवा: एक पावन कर्तव्य*

भारतीय संस्कृति में गौ को माँ का स्थान दिया गया है। गौ केवल एक पशु नहीं है, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा और अर्थव्यवस्था का केंद्र बिंदु है। गौ माता के प्रति प्रेम और सेवा केवल धार्मिक भावना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।

सर्दियों के ठिठुरते मौसम में गौ माता को ठंड से बचाना एक संवेदनशील और महत्वपूर्ण कार्य है। ठंड के दिनों में जब लोग स्वयं के लिए ऊनी कपड़े और गर्म साधन जुटाते हैं, ऐसे में गौ माता, जो हमारी संस्कृति और कृषि का आधार हैं, उनके लिए ध्यान देना अनिवार्य हो जाता है। ठंड से गौ माता को बचाने के लिए कंबल वितरित करना न केवल मानवता का परिचायक है, बल्कि यह हमें गौ सेवा के माध्यम से आत्मिक संतोष भी प्रदान करता है।

गौशालाओं में जाकर या सड़क पर घूमती बेसहारा गायों को कंबल पहनाने का अनुभव हृदय को गहराई से छू जाता है। उन मासूम आंखों में आभार और प्रेम का जो भाव होता है, वह हर किसी को प्रेरित करता है। कंबल ओढ़ते समय गायों का हल्के से सिर झुकाना और उनकी आँखों की चमक हमें यह एहसास कराती है कि हमने वास्तव में उनके लिए कुछ महत्वपूर्ण किया है।

यह कार्य न केवल गौ माता की रक्षा करता है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देता है कि हम अपने पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील हैं। यदि हर व्यक्ति अपने जीवन में गौ सेवा का संकल्प ले और सर्दी के मौसम में गायों के लिए कंबल, भोजन, और आश्रय की व्यवस्था करे, तो यह न केवल हमारी नैतिकता को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन में भी सहायक होगा।

गौ सेवा एक ऐसी साधना है, जिसमें व्यक्ति अपने स्वार्थ को पीछे छोड़कर प्रकृति और जीव-जगत की सेवा करता है। यह कार्य केवल हमारी आत्मा को शांति ही नहीं देता, बल्कि हमारी परंपराओं को भी मजबूत करता है। आइए, इस सर्दी हम सब मिलकर गौ माता की सेवा का संकल्प लें और उन्हें ठंड से बचाने के लिए अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाएं।

गौ सेवा केवल धर्म नहीं, यह मानवता का सर्वोच्च उदाहरण है।

# सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत किया बस चालकों का सम्मान



वेलकम इंडिया

**झांसी।** 24 घंटे आम जनमानस की सेवा में तत्पर रहने वाले, दिन रात की परवाह किए बिना यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने वाले बस चालकों का सम्मान समारोह राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत आज झांसी के बस स्टैंड पर स्थित जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के कार्यालय पर संभागीय परिवहन विभाग ,यातायात विभाग एवं नेशनल हाईवे इंफ्रा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वरुण कुमार पांडे विराजमान रहे। अध्यक्षता एन एच आई टी के प्रोजेक्ट हेड रंजय सिंह ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में एआरटीओ प्रशासन डॉक्टर सुजीत कुमार ,यातायात निरीक्षक उमाकांत ओझा उपस्थित रहे कार्यक्रम का संयुक्त संयोजन एन एच आई टी एवं ट्रैफिक चीफ वार्डन, सड़क सुरक्षा समिति की सदस्य सुश्री प्रगति शर्मा द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि ने बस चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बस चालक दिन-रात कार्य करके यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाते हैं आप सभी अपनी नींद हमेशा पूरी रखें तथा अपने-अपने वाहनों का रखरखाव दुरुस्त रखें, साथ ही मंचासीन अतिथियों द्वारा 20 बस चालकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया ।

# मौनी अमावस्या पर लगने वाले बांसी माघ मेला का किया शुभारंभ

वेलकम इण्डिया



**बांसी/सिद्धार्थनगर।** कस्बे में मौनी अमावस्या नहान पर एक माह के लिए लगने वाले मेले का उद्घाटन मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक जय प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की उपस्थिति में किया। इसके बाद अतिथियों ने मेला मैदान के मध्य लगे मेला संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और ध्वजारोहण किया।

बता दें कि कस्बे में लगने वाला माघ मेला काफी पुराना है। इसकी शुरूआत 1954 में स्व पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने की। इस वर्ष यह प्राचीन माघ मेला 72 वीं वर्षगांठ मना रहा है। बांसी के प्राचीन राप्ती नदी के तट पर प्रति वर्ष मौनी अमावस्या पर लगने वाला यह माघ मेला एवं प्रदर्शनी विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ लगभग एक माह तक चलता है। मेले के सही ढंग से संचालन के लिए नगर पालिका के कर्मचारियों और सभासदों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि मेला अवधि में मेलार्थियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम शशांक शेखर राय, सीओ मयंक द्विवेदी, कोतवाल रामकृपाल शुक्ल, मेला प्रभारी श्याम बाबू, अशफाक अहमद, ध्रुव चंद्र, शाकिर अली, शकील खान, सभासद बरकत अली, कपिलदेव , अरुण गुप्ता, बजरंगी वर्मा, निलेश निषाद आदि मौजूद रहे।

## नए कलेवर में खनन विभाग की मिलीभगत से फिर परवान चढ़ा अवैध मिट्टी खनन

**डिबाई /बुलंदशहर।** डिबाई क्षेत्र के गांव नगला खेड़ा, कसेर, नेशनल हाईवे, से लगातार हो रहा है अवैध मिट्टी खनन नगर के निजी प्लाटों और गांव कादरीबाग और कसेर के बीच नेशनल हाईवे के दोनों ओर हजारों घन मीटर मिट्टी अवैध खनन ट्रैक्टरों और डम्फरों से किया जा रहा है मिट्टी भराव डिबाई। निवर्तमान एसडीएम गजेंद्र सिंह, दीपक कुमार, प्रियंका गोयल के ईमानदार छवि तथा सख्त तेवरों के चलते डिबाई क्षेत्र में तत्समय व्याप्त अवैध मिट्टी खनन को समूल ध्वस्त कर दिया गया था। जिसमें तत्कालीन तहसीलदार नवीन कुमार वर्तमान एसडीएम द्वारा रात रात भर छापेमारी कर के इस सिंडीकेट को ध्वस्त कर क्षेत्र को अवैध खनन से मुक्त कराया गया था।

# डायट में उर्दू शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जारी

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ में जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत उर्दू अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण डायट प्राचार्य /उपशिक्षा निदेशक के मार्गदर्शन में डायट की उर्दू प्रवक्ता डॉक्टर नेहा इकबाल की मौजूदगी में जारी है ।प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यालय में बच्चों को उर्दू भाषा पढ़ाने के प्रभावी तौर-तरीके सिखाए जा रहे हैं। इनमें विशेष रूप से बच्चों की उम्र और समझ के अनुसार भाषा शिक्षण की योजनाएँ तैयार करने पर जोर देने के साथ ही शिक्षकों को बताया जा रहा है कि उर्दू भाषा को सरल और रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए किन पहलुओं पर ध्यान देना जरूरी है ।उर्दू प्रशिक्षण के दूसरे दिन शिक्षकों ने सन्दर्भदाताओं द्वारा बताए गए विभिन्न टॉपिक्स पर आधारित आकर्षक चार्ट तैयार किए और उनका प्रभावी ढंग से प्रस्तुतिकरण किया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को उर्दू भाषा शिक्षण को रोचक और व्यावहारिक बनाने के लिए दृश्य-श्रव्य सामग्री का उपयोग करना सिखाना था ।प्रस्तुतिकरण के दौरान उर्दू अक्षरों, शब्दावली और व्याकरण को चार्ट पर चित्रित कर उनकी सरलता से व्याख्या पर जोर दिया गया।

जनपद के सभी ब्लॉक से उर्दू शिक्षकों मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद लईक, इन्तिजाम अली, इंसाफ अली, मोहम्मद उमर, फरहत अली, आफताब आलम, मुशाहिद अली, शहाना बेगम, शाहीन, नायाब, फौजिया और नाजमा आदि ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। सन्दर्भ दाता के रूप में मोहम्मद यामीन, मोहम्मद शमीम और मोहम्मद अनीस द्वारा उर्दू शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण न केवल शिक्षकों को बच्चों के साथ संवाद स्थापित करने में मदद करेगा, बल्कि उर्दू भाषा को सहज और आकर्षक ढंग से सिखाने में भी सहायक होगा। **-डॉक्टर नेहा इकबाल, उर्दू प्रवक्ता डायट कांठ**

# महाकुंभ के लिए रेल और रोडवेज बसें नाकाफी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** महाकुंभ के मद्देनजर अप-डाउन 14 विशेष ट्रेनें और बरेली होते हुए प्रयागराज जाने-आने वाली ट्रेनों में लगाए गए अतिरिक्त कोच नाकाफी साबित हो रहे हैं। इसके बावजूद संगम में डुबकी लगाने के इच्छुक लोगों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। रेल टिकट कन्फर्म कराने के लिए लोगों द्वारा सिफारिशें लगाई जा रही हैं। कुछ लोग कोटा लगवाकर टिकट कन्फर्म कराने में कामयाब भी हो रहे हैं। लेकिन अधिकांश लोगों को मायूसी मिल रही है। बरेली जंक्शन पर सोमवार, मंगलवार को प्रयागराज एक्सप्रेस में यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई।

प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर यात्रियों की मारामारी की स्थिति थी। भीड़ इतनी अधिक थी कि दिव्यांग कोच में भी सामान्य यात्री बैठे दिखाई दिए। कुछ यात्री तो आपातकालीन खिड़कियों से कोच में घुसते हुए देखे गए, जबकि कुछ यात्री ट्रेन के दरवाजों के ऊपर बैठकर यात्रा कर रहे थे। बरेली जंक्शन पर सोमवार, मंगलवार को प्रयागराज एक्सप्रेस में यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर यात्रियों की मारामारी की स्थिति थी। भीड़ इतनी अधिक थी कि दिव्यांग कोच में भी सामान्य यात्री बैठे दिखाई दिए। कुछ यात्री तो आपातकालीन खिड़कियों से कोच में घुसते हुए देखे गए, जबकि कुछ यात्री ट्रेन के दरवाजों के ऊपर बैठकर यात्रा कर रहे थे। महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को होगा।

इस दौरान चार अमृत स्नान पर्व हैं। महाकुंभ के मद्देनजर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों के साथ ही अयोध्या और वाराणसी जाने वाली ज्यादातर ट्रेनों में भी दो महीने पहले ही सीटें फुल हो चुकी हैं। 14241-42 नौचंदी एक्सप्रेस में नो रूम होने के कारण एक महीने तक टिकट बुकिंग बंद है। इस ट्रेन में अब वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहे। योग नगरी ऋषिकेश-प्रयागराज एक्सप्रेस में भी नो रूम है। 31 जनवरी, तीन और सात फरवरी को चलने वाली 15074-73 त्रिवेणी एक्सप्रेस में भी वेटिंग है। 14308-07 बरेली-प्रयागराज एक्सप्रेस भी पैक है। इस ट्रेन में वेटिंग 150 के पार होने के बाद भी यात्री टिकट ले रहे हैं। वहीं 04316 देहरादून-फाफामऊ, 04066 दिल्ली-फाफामऊ, 04528 अंब अंडौरा-फाफामऊ और 05314 कासगंज-झूंसी महाकुंभ विशेष ट्रेनों में भी प्रमुख स्नान तिथियों पर कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहे। सामान्य दिनों में भी प्रयागराज की ट्रेनों में कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं।

## आखिर क्यों भ्रष्टाचार के विरुद्ध समाज सेवी को बैठना पड़ेगा भूख हड़ताल पर

**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में समाजसेवी दीपक पंडित ने बताया की बिजुआ ब्लॉक में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर रामदीप वर्मा जो कि पिछले दस वर्षों से अधिक समय से ब्लॉक में तैनात हैं और इन्होंने ब्लॉक की सर्वाधिक पंचायतों में ठेकेदारी करके इंटरलॉकिंग लगाई है जो कि इनको कतई अधिकार नहीं है इंटरलॉकिंग भी गुणवत्ता विहीन लगाई गई है मनरेगा में पंचायतों की 60/40 रेसियो के मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं जिसमें कई जेई और ग्राम विकास अधिकारी शामिल है। मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाकर पचासों हजार रुपये रोजाना सरकार को चूना लगाया जा रहा है मनरेगा में फर्जी हाजिरी यहां तैनात एपीओ अमर प्रसाद की देखरेख में हो रही है।

# डीएम पब्लिक स्कूल खेलकूद के क्षेत्र में ही नहीं शिक्षा में भी नंबर वन पर लहरा रहा परचम

**वेलकम इंडिया**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ का डीएम पब्लिक स्कूल,का अधिकारी सहित राजनेताओं ने किया सम्मान।

देव मेमौरियल पब्लिक स्कूल की सीबीएसई में पहली बार 400 मीटर की दौड़ में गोल्ड विजेता छात्रा वंशिका को जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, जिला खेल अधिकारी ऋषि सिंह, मेरठ हापुड़ लोक सभा सांसद अरुण कुमार गोविल हापुड़ सदर विधायक विजयपाल, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने जनपद का मान बढ़ाने के लिए सम्मानित किया। आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर के

शाहपुर रोड पर स्थित देव मेमौरियल पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में झारखंड़ में पहली बार सीबीएसई बोर्ड की तरफ से खेले गए। स्कूल नेशनल गेम में देव मेमौरियल पब्लिक स्कूल गढ़मुक्तेश्वर की छात्रा ने 400 मीटर दौड़ में गोल्ड जीत कर सीबीएसई बोर्ड के 7200 स्कूलों में से एक मात्र वंशिका ने ही इतिहास रचा। जिसके लिए उत्तर प्रदेश में हापुड़ का नाम रोशन किया। जिसके लिए हापुड़ जिलाधिकारी प्रेरण शर्मा ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर जनपद में आयोजित एक कार्यक्रम में डीएमपीएस गढ़मुक्तेश्वर की छात्रा वंशिका को जनपद का नाम रोशन करने और इतिहास रचने के लिए बेस्ट ऑफ एथीलिट का पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही 28 जनवरी को देव मेमौरियल पब्लिक स्कूल में स्कूल में प्रधानाचार्य, उपप्रधानार्य युधिष्ठर यादव,एथीलिट कोच नवीन चौधरी, स्कूल कॉडिनेटर योगेनद्र सिंह, पीटीआई अशोक कुमार ने एथीलिट वंशिका और जूड़ों गोल्डमेडलिस्ट नित्या सिरौही को ट्रैक शूट एव खेल कीट देकर सम्मानित किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा नागिन डांस पर लगाए गए ठुमके वीडियो वायरल



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** गणतंत्र दिवस के मौके पर मीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ध्वजारोहण के बाद सफाई कर्मी ने जमकर फिल्मी गीतों पर ठुमके लगाए। इसी बीच किसी ने इसका वीडियो बना लिया, और वायरल कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ द्वारा नागिन डांस करते हुए ये वीडियो जिले में जमकर वायरल हो रहा है। मामला अब स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों तक पहुंच गया है। वायरल वीडियो में एक पुरुष कर्मचारी डांस कर रहा है और अन्य महिला-पुरष कर्मचारी देख रहे हैं। किसी ने भी इस तरह के डांस पर आपत्ति नहीं की। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. विश्राम सिंह ने बताया है कि वीडियो अभी देखा नहीं है। वीडियो देखने के बाद मामले की जांच कर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं एमओआईसी से भी जवाब-तलब किया जाएगा।

# पुलिस ने बंद मकानों में चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया




**हापुड़।** जनपद हापुड़ के एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह की हापुड स्वाट टीम एवं थाना पिलखुवा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर बन्द मकानों एवं दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए। 04 शातिर किस्म के चोरों को गिरफ्तार किया है ।जिनके कब्जे से पुलिस ने 28,500 रुपये नकदी, भारी मात्रा में चोरी के सोने चांदी के आभूषण, 03 एलईडी टीवी, घटना करने में प्रयुक्त ई-रिक्शा औजार उपकरण सहित अवैध असलहा बरामद किया है। घटना का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी विनीत भटनागर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं। जिसमें शाकिर कबाडी जो दिन में बन्द मकानों एवं दुकानों की रैकी करता हैं। और उसके बाद सभी साथियों के साथ मिलकर मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं ।गिरफ्तार चोरो पर हापुड़ में चोरी, एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट आदि अपराधों के करीब 03 दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है ।वही पुलिस भी इनके आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जनपदों से भी जानकारी की जा रही है।

# शिव दुर्गा माता मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा



**नूरपुर।** नगर में चांदपुर तिराहा स्थित शिव दुर्गा माता मंदिर भगवान की मूर्तियो की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के द्वारा की गई इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शिव दुर्गा माता मंदिर में मुकुल गुप्ता परिवार द्वारा शिव परिवार, माता काली, राधा कृष्ण, हनुमान जी, मां दुर्गा मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पंडित रविंद्र कौशिक के द्वारा पूरे विधि विधान से की गई। उससे पहले सभी मूर्तियों को नगर में भ्रमण कर मंदिर में स्थापित किया गया। इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुकुल गुप्ता, नीतू गुप्ता, कमल अग्रवाल, गौरव कुमार, रविंद्र, मनु, धर्मेंद्र जोशी, सरदार रविंदर सिंह, ललवंत, संदीप जोशी, मुकेश जोशी, बिट्टू , कार्तिक गुप्ता, चानू , राधे श्याम, मोहित गुप्ता, प्रेमपाल रवि, अनिल जुनेजा, विनोद कुमार टायर वाले, वीर सिंह बापू आदि श्रद्धालु रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर मे गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा की वंदना से किया गया। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें मुख्य अतिथि सिद्धार्थ गुप्ता एवं चांद बहादुर रहे।

मुख्य अतिथि सिद्धार्थ गुप्ता ने सभी बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और बच्चों को अच्छे नागरिक बनकर भारत का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया तथा राष्ट्रीय ध्वज की महत्ता बताई व बच्चों को देशभक्तो के जीवन से अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन भैया बहनों द्वारा राष्ट्रीय गीत के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री महावीर सिंह, भीष्म सिंह त्यागी, डॉ शीला राणा, सरौता सिसोदिया, नवीन कुमार, लोकेश कुमार, अरुण शर्मा, अनु शर्मा (अनु मेडिकल), दीपक वर्मा, राजीव राणा, बृजपाल सिंह, तिरमल सिंह, विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

## जैन समाज बागपत को चेयरमैन एड़वोकेट राजूद्दीन ने दिया हर सम्भव सहायता का आश्वासन

**बागपत।** बड़ौत के गांधी रोड़ पर स्थित मान स्तंभ परिसर में श्री 1008 आदिनाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव में निर्वाण लाडू चढाये जाने के दौरान हुए दर्दनाक हादसे पर बागपत के प्रमुख समाजसेवी और नगर पालिका परिषद बागपत के चेयरमैन एड़वोकेट राजूद्दीन ने गहरा दुख व्यक्त किया है। बागपत नगर के जैन अतिथि भवन में हुई शोकसभा में उन्होंने कहा कि आदिनाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव के दौरान घटी दुखद घटना में लगभग 8 श्रद्धालुओं की मौत और सैंकड़ों श्रद्धालुओं के गम्भीर रूप से घायल होने पर वह काफी दुखी है। कहा कि इस घटना पर दुख व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्दों का अभाव है। हम सब इस दुखद घटना पर स्तब्ध है। कहा कि जैन धर्म जो कि विश्व को अहिंसा का संदेश देता है और जैन धर्म के अनुयायी अहिंसा को अपने चरित्र में भी धारण करते है उनके साथ घटी ये दुखद घटना दिल को झकझोर देने वाली है।

# कर्म, भक्ति व ज्ञान के समन्वय का संदेश देती है भारतीय संस्कृति : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

**वेलकम इंडिया**



**बिजनौर।** नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव भैंसा में प्रेमावतार, युगदृष्टा श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्एंव विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज यहां आयोजित तीन दिवसीय विराट धर्म सम्मेलन के तीसरे दिवस उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि कर्म, भक्ति व ज्ञान के समन्वय का संदेश देती हैं भारतीय संस्कृति। कर्म ही पूजा है कहने की अपेक्षा कर्म भी पूजा बन सकता है। जिस कार्य के साथ विचार, विवेक या ज्ञान ना हो ऐसा हर कार्य पूजा कहलाने का अधिकारी नही हो सकता। बिना बिचारे किया हुआ कर्म तो पश्चाताप, ग्लानि व शर्मिन्दगी के अलावा कुछ भी प्रदान नहीं कर सकेगा। कर्म के साथ यदि ज्ञान व भक्ति का सुन्दर समन्वय स्थापित कर दिया जाये तो जहाँ एक ओर हमारा हर कर्म पूजा कहलाने का अधिकारी हो सकेगा वहीं हमारे जीवन का सौन्दर्य निखर उठेगा व जिस सच्चे सुख व आनन्द से लाख प्रयास करने के बावजूद वंचित थे उसे प्राप्त करने के अधिकारी बन जाऐंगे। हमारा जीवन उच्चता, दिव्यता व महानता से भर उठेगा। अंत श्रम व श्रद्धा का अनूठा संगम स्थापित करें। उन्होंने कहा कि संसार में कोई भी व्यक्ति रूप, धन, कुल या जन्म से नहीं अपितु अपने कर्मों से महान बनता है। यदि कुल से महान होते तो रावण जैसा महान कौन होता। रूप से ही महान होते तो अष्टावक्र,भगवान गणेश जी, सुकरात जैसे व्यक्ति कभी महान न बन पाते। कई बार हो सकता है कि वर्तमान मे किसी को देखकर लगे कि इसने तो कोई महान कर्म नहीं किये तो अवश्य पूर्व में किये होंगे अंत हमें महानता के कार्य करने चाहिए तथा स्वयं को कभी महान नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में विनम्रता, सरलता, सादगी व संयम को अपनाना चाहिए। कुछ ऐसा कार्य करना चाहिए कि संसार में लोग हमें याद ही नहीं बल्कि अच्छाई से सदैव याद रखें। बहुत से लोग मर कर भी जिंदा रहते हैं तथा बहुत से जीवित भी मृतक तुल्य जीवन जीते है। किसी का तिरस्कार न करें जो भी देखे, सुनें या पढ़े उस पर विचार करें। किसी को भी नुकीले व्यंग्य बाण न चुभाए अर्थात ऐसा कुछ ना बोलें जिससे किसी के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचे। किसी का दिल दुखे या प्रेम, एकता, सद्भाव नष्ट हो जाए। अशांति हो जाए कलह-क्लेश या वैमनस्य पैदा हो जाए। हमारे हृदय उदार व विशाल होने चाहिए। आज मनुष्य का मस्तिष्क विशाल तथा हृदय सिकुड़ता चला जा रहा है। अकड या अभिमान नहीं होना चाहिए। दुश्मन को हराने वाले से भी महान वह है जो उन्हें अपना बना ले। यदि कोई व्यक्ति किसी वस्तु, पदार्थ को पाना चाहता है। उसके लिए प्रयास करता है और यदि थककर बीच में अपना विचार ना बदल दे तो उसे अवश्य प्राप्त भी कर लेता है। जीवन की घटनाओं का यदि मंथन किया जाए तो हमेशा हमें अमृत ही नहीं कभी विष भी मिलता है। संबंधों की मधुरता बनाए रखने के लिए विष को बाहर भी ना उगले हृदय में भी ना ले जाएं, कंठ में ही रख लें। हृदय से प्रभु का सदैव स्मरण करते रहे। अन्दर राम हो व ऊपर से विष भी आ जाये तो मिलकर विश्राम विष +राम बनेगा। विष जीवन लेने वाला नही विश्राम देने वाला बनेगा। समाज में आज बहुत ही जहरीले नागों जैसे लोग भी हो गये हैं जो ऐसा जहर उगलते हैं कि स्वयं तो सुरक्षा के दायरे में चले जाते हैं लेकिन लोग आपस में लड़ते हैं, झगड़ते हैं। आज लोगों में सहनशक्ति का सर्वथा अभाव हो रहा है। किसी को एक दूसरे की बात अच्छी नहीं लगती। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति पुरुषार्थ करे तो ईश्वर भी उसकी सहायता करता हैं।

# बाल कल्याण इण्टर कॉलेज में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर।** नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र में स्थित बाल कल्याण विद्या मन्दिर इण्टर कालेज रामोरूपपुर बिजनौर मे 76वें गणतंत्र दिवस बहुत हर्ष और उल्लास के साथ बनाया गया ।सर्वप्रथम ब्लॉक प्रमुख, विद्यालय की प्रबंधिका आकांक्षा चौहान ने भारत मां को पुष्प अर्पण कर वीरों को श्रद्धांजलि और नमन एवम्-ध्वजारोहण किया और भारत माता के वीर सपूतों और देश के महान क्रांतिकारियों के बलिदान तथा उनके त्याग, समर्पण को याद किया। प्रधानाचार्य रामोतार ने बच्चों को गणतंत्र दिवस और हमारे संविधान एवं मौलिक कर्तव्य आदि पर बहुत सुंदर दिशा निर्देश दिए। सहायक अध्यापक सुरेंद्र कुमार ने बहुत सुंदर एवं महत्वपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 9 (बी) की बालिका मुस्कान चौधरी ने भारत के वीर अमर शहीदों पर बहुत सुंदर भाषण दिया। कक्षा 2 की छोटी सी बालिका श्रियांशी ने गणतंत्र दिवस के ऊपर बहुत सुंदर कविता प्रस्तुत की। कक्षा 12वीं की छात्रा मानसी देव ने भारत मां को स्वतंत्र करने के लिए बलिदान हुए वीर सपूत पर बहुत सुंदर कविता प्रस्तुत की। कुछ बच्चों ने भारत माता, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई एवं कक्षा 10 के छात्र आयुष चौहान कक्षा 11 के छात्र विनय चौहान, शीतल चौहान ने देश के सैनिकों का स्मरण करते हुए अपने देश की संस्कृति को दशार्ते हुए बहुत अच्छी परेड मार्च का प्रदर्शन किया । विद्यालय के समस्त अध्यापक /अध्यापिकाओं ने बच्चों की पंक्ति व्यवस्था, प्रसाद वितरण आदि कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# एनएचएआई टीम द्वारा एन एच -9 किनारे स्थित ढाबों पर की गई कार्यवाही से मचा हड़कंप



**वेलकम इंडिया**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** दिल्ली मुरादाबाद लखनऊ नवनिर्मित नेशनल हाईवे -9 के किनारे स्थित संचालित एवं प्राधिकरण से बगैर नक्शा स्वीकृत ढाबों के निर्माण को लेकर एनएचएआई एवं एचपीडीए सहित अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए बगैर अतिक्रमण करने के साथ निर्माण करने वाले ढाबों को चिन्हित कर एनएचएआई टीम ने कार्यवाही करने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। जिसको लेकर ढाबा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

आपको बता दें कि दिल्ली मुरादाबाद लखनऊ नेशनल हाई-वे-9 के किनारे स्थित बगैर नक्शा स्वीकृत के निर्माण करने वाले ढाबा संचालकों को एनएचएआई द्वारा 150 ढाबों को चिन्हित करते हुए नोटिस जारी किया गया था। जिसमें 32 ढाबे हापुड़ के चिन्हित किए गए हैं। जिन पर एन एच ए आई टीम के द्वारा गांव अटसैनी में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने की कार्यवाही की गई।

# जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड एवं परियोजन निर्माण कार्यों की समीक्षा

**वेलकम इंडिया**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं परियोजनाओं/निर्माण कार्यो की समीक्षा की गयी। सीएम डैशबोर्ड में छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी ने समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग व अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित कर छात्रवृत्ति योजना के जो भी प्रकरण है उसका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करायें और शिक्षण संस्थानों में जो भी आवेदन लम्बित है सभी प्रधानाचार्यो की बैठक कराकर आवेदन का निस्तारण यथाशीघ्र कराया जाये जिससे छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय से प्राप्त हो सके। गोशाला की समीक्षा में जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से निराश्रित गोवंशो के संरक्षण के सम्बन्ध में जानकारी ली और मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि समस्त गौशालाओं की जांच हेतु अधिकारियों की टीम नामित की जाये जिससे गौशालाओं में गोवंशों की मिलने वाली सुविधा जैसे चारा, स्वास्थ्य परीक्षण, पानी, संरक्षित गोवंशो की संख्या आदि की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में जो भी विद्यालय है यदि उस पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है तो उसकी सूची उपलब्ध करायी जाये जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सके। विद्युत विभाग की समीक्षा में विद्युत बिल सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत बिल के शिकायतों के निस्तारण हेतु नोडल अधिकारी बनाया जाये जिससे विद्युत बिल सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होने पर निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन भी योजनाओं की रैकिंग ठीक नही है उसे ठीक करायें और यदि कोई समस्या आ रही है तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में निस्तारित करें, सभी सम्बन्धित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गम्भीरता से लें। उन्होने अधिकारियों से कहा कि किसी दबाव में आकर कार्य न किया जाये, शासन के दिशा निर्देश के अनुरूप ही कार्य किया जाये, योजनाओं की प्रगति को ठीक रखें, किसी भी स्तर पर पत्रावली को लम्बित न रखी जाये, समय से पत्रावलियों पर कार्यवाही की जाये। बैठक में जो भी अधिकारी उपस्थित नही थे उनके प्रति जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि बिना अनुमति के मुख्यालय कदापि न छोड़े अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विभागों की रिपोर्ट सही उपलब्ध करायी जाये।

बैठक में जिलाधिकारी ने परियोजनाओं/निर्माण कार्यो की समीक्षा कर अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण कर लिये गये है उन्हें सम्बन्धित विभाग को 15 दिनों के अन्दर हैण्डओवर कर दिया जाये।

सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हैण्डओवर के पहले परियोजनाओं की गुणवत्ता को देख ले और हैण्डओवर करने के बाद कोई भी कमी न निकाली जाये। हैण्डओवर के बाद सम्बन्धित विभाग उसका संचालन करें जिससे जनसामान्य व प्रशासकीय हित में कार्य किये जाये। परियोजनाओं के कार्यो में यदि कहीं पर पुनरीक्षित की आवश्यकता है सम्बन्धित को यथाशीघ्र भेज दिया जाये। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से सम्बन्धित पटल सहायक सहायकों को निर्देशित करें कि पत्रावलियों को समय से प्रेषित करें।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को लम्बित कदापि न रखा जाये, निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये, यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला एंटी इलीगल माइनिंग फोर्स के साथ खनन क्षेत्रों का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,गोविन्द मेहता,** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिला एंटी इलीगल माइनिंग फोर्स के साथ खनन क्षेत्रों का दौरा किया। टीम द्वारा खड़िया खुदानों के मानकों की बारीकी से जांच पड़ताल की गई। जिलाधिकारी ने करुली,खल्दौड़ी,बल्दौड़ी में सात खड़िया खुदानों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। जिसमें खनन खुदानों में वैज्ञानिक तकनीकी पहलुओं को देखा गया। साथ ही खड़िया खुदानों में पैच निर्माण, पौधरोपण,श्रमिकों को रहने की व्यवस्था के साथ ही,पीपीएफ, इंश्योरेंस एवं ग्रामीणों को दी जाने वाली सुविधाओं आदि के बारे में पड़ताल की।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा पारित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । उन्होंने खड़िया खदानों में पैनी निगरानी रखते हुए अवैध अतिक्रमण व खनन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि न्यायालय के आदेश को धरातल पर शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस पर लापरवाही कतई भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भ्रमण के दौरान जिला खान अधिकारी, वन व राजस्व विभाग को खनन खुदानों के मानकों का बारीकी से जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले एवं तहसील स्तर पर गठित निरोधक दल को नियमित सक्रियता व तत्परता से कार्य करने के कड़े निर्देश देते हुए अवैध खनन, अतिक्रमण आदि को लेकर सम्बंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, तहसीलदार दलीप सिंह बिष्ट,जिला खान अधिकारी नाजिया हसन, एसडीओ सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विकासखंड परिसर में रोजगार मेले का आयोजन 32 अभ्यर्थियों का चयन

वेलकम इंडिया



**कांधला।** खण्ड विकास कार्यालय के परिसर में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मेलें का आयोजन किया गया। जिसमें 32 अभ्यथीर्यों का चयन किया गया। मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मेलें का आयोजन खण्ड विकास परिसर में किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेलें में 3 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, मेलें में 88 छात्रों ने साक्षात्कार दिया। कार्यक्रम मे कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा 32 छात्रों चयनित किए गए। पुखराज हेल्थकेयर 05, भारतीय जीवन बीमा निगम 10, ईपिक्स ग्रुप आफ कम्पनी द्वारा 17 अभ्यर्थी को चयनित किया गया। सभी चयनित अभ्यर्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई। रोजगार मेलें मे अमरजीत अनुदेशक , ओमवीर सिंह अनुदेशक, बिजेंद्र कुमार फोरमैन आदि ने सहयोग किया। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आगामी 29 जनवरी को शामली, 30 जनवरी को कैराना, 31 जनवरी को थानाभवन एवं 01 फरवरी को खण्ड विकास कार्यालय ऊन में रोजगार मेलें का आयोजन किया जाएगा। इनमें ईपिक्स ग्रुप, एल आई सी, पुखराज हेल्थकेयर, होली हर्ब्स आदि कम्पनियों द्वारा स्कैनिंग,पैकर, पिकिंग, सेल्स मार्केटिंग, हेल्पर, सुपरवाइजर टैक्निकल स्टाफ आदि पदों के लिए साक्षात्कार किया जाएगा। 8वीं , हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा आदि योग्यता के अभ्यर्थी रोजगार मेलों में प्रतिभाग करने के लिए तीन बायोडाटा लेकर आएं। उन्होंने जानकारी दी कि रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है।

## मारपीट और फायरिंग प्रकरण में दो गिरफ्तार, भेजें जेल



वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट व फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी अमित पुत्र नेत्रपाल ने सोमवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि पीड़ित के परिवार से गांव का ही सेठपाल का परिवार रंजिश रखता है। गत सोमवार की सुबह पीड़ित का पिता नेत्रपाल अपने भाई पप्पू, सुंदर व पुत्र मंजीत के साथ अपने घर पर मौजूद था। आरोप है कि इसी बीच गांव का ही सेठपाल अपने परिवार के राहुल, सोनू, अजीत, सुमित व आशीष के साथ पीड़ित के घर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों व धारदार हथियारों से पीड़ित के परिवार पर हमला कर दिया था। इसी बीच पीड़ित अमित भी कार में सवार होकर अपने घर पहुंच गया था। फायरिंग से कार क्षतिग्रस्त हो गई? थी। गनीमत रही कि कार चालक अपनी जान बचाकर मौके से भाग गया था। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष से नेत्रपाल, पप्पू, सुंदर व मंजीत जबकि दूसरे पक्ष से धीरजा, अजीत और सेठपाल घायल हो गए थे।

## हमारा नाम निकाला गया कहानी से! यौमे जम्हूरियत पर बज्म फरोगे अदब ने आयोजित किया तरही मुशायरा

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** बज्म फरोगे अदब सोसाइटी की तरफ से यौमे जम्हूरियत के मौके पर तरही मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें दिया गया मिसरा ऱहमारा नाम निकाला गया कहानी सेऱ पर शायरों ने अपने कलाम पेश किए। मुशायरे की सदारत मशहूर शायर शोहरत अंसारी ने की। मेहमाने खुसूसी नफीस सीतापुरी रहे। निजामत डॉ एहराज अरमान ने किया।

खीरी कस्बे के मोहल्ला शेखसराय स्थित मदरसा सुल्ताने हिंद में आयोजित मुशायरे को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय भाषण में शोहरत नूरी ने कहा यह एक ऐसी नाशिस्ट होती है, जहां पर छोटे-बड़े सब एक साथ बैठकर एक दूसरे से सीखते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हर जिले और शहर में होना चाहिए ताकि उर्दू अदब की खिदमत हो सके। इस दौरान उन्होंने अपना कलाम सुनाते हुए कहा-ं मै एक बहता हुआ चाहतों का दरिया हूं, तेरा वजूद है दुनियां मेरी रवानी से।

## विवाहिता ने पति और ससुरालयों पर लगाया जेवरात बेचने का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला।** क्षेत्र के गांव अंबेहटा निवासी विवाहिता ने पति सहित ससुराल पक्ष के कई लोगों पर सोने चांदी के जेवरात बेचने और मारपीट कर घर से निकालने सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव अंबेहटा निवासी विवाहिता महिला बिल्लो पुत्री ताहिर ने मंगलवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसका विवाह दो वर्ष पूर्व कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव भूरा निवासी कादिर पुत्र हाशिम के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद तो ठीक रहा मगर उसके बाद पति एवं ससुराल वाले पीड़िता का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि पति सहित ससुराल पक्ष के कई लोगों ने पीड़िता के सोने चांदी के जेवरात बेच दिए। जानकारी होने पर पीड़िता द्वारा विरोध करने पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़िता की माह से अपने मायके में रह रही है। आरोप है कि आरोपी पति पीड़िता को तलाक देने की धमकी दे रहा है। पीड़ित महिला ने अपने परिजनों के संग थाने पहुंचकर आरोपी पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना में 32 वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता हुई संपन्न



वेलकम इंडिया

**हरियाणा /हिसार (राजेश सलूजा)**

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना मंडी में 25 व 26 जनवरी 2025 को दो दिवसीय 32वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता बड़ी धूमधाम से संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़ी उत्कृष्टता से खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के कोच कार्तिक सर, पीटीआई कैलाश सर ने बड़ी ही कुशलता से एवं व्यवस्थित तरीके से इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।विद्यालय के प्रेरणात्मक प्रवक्ता मि.चार्ल्स सर, मैडम मोनिका नैन व मैडम हेमलता ने भी इस प्रतियोगिता को सही ढंग से आयोजित करवाने में अपना पूरा सहयोग दिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर सतीश भारती जी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया एवं बताया कि खेल हमारे जीवन की आधारशिला होते हैं। विद्यालय के प्रिन्सिपल डॉक्टर जीवन कुमार रत्ता ने भी विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.जीवनकुमार रत्ता ने खेल प्रतियोगिता शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखाई। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यालय के चारों सदनों में कई प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। 25 जनवरी को इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट का आरम्भ योगा के साथ व प्रतिभागियों को विधिवत रूप से शपथ दिलवाकर किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्लेयर्स ने मैदान में प्रतिद्वन्द्वी को परास्त करने की जद्दोजहद करते हुए डिफरेंट कैटेगरी के मुकाबलों में टीम स्पिरिट के साथ ही अपने अन्दर छिपी खेल प्रतिभा को खुलकर अभिव्यक्त किया। बड़ी संख्या में बच्चों का विभिन्न खेलों में भाग लेना उनकी खेलों के प्रति रूचि को जाहिर कर रहा था। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर रेस,200 मीटर रेस,400मीटर रेस, 800 मीटर रेस व 1600 मीटर रेस के साथ रिले रेस,शॉट पुट, कई प्रकार की फन रेस आदि अन्य अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

## वीर अब्दुल हमीद स्मारक पर नहीं फहराया गया तिरंगा

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी**
नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों के द्वारा गणतंत्र दिवस पर वीर अब्दुल हमीद स्मारक पर तिरंगा झंडा नहीं फहराने पर सभासद ने अनदेखी का आरोप लगाया है। सभासद ने जिला अधिकारी को पत्र भेज कर लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभर में सरकारी व गैर सरकारी एवं शहीद स्मारकों पर तिरंगा फहराया जाता है। वार्ड नंबर सात से सभासद वकील अहमद ने बताया कि कैराना बस अड्डे के समीप वीर अब्दुल हमीद स्मारक है।

वीर अब्दुल हमीद भारतीय सेना की चार ग्रेनेडीयर में एक सिपाही थे, जो 1965 भारत-पाक युद्ध में वीरगति प्राप्त को प्राप्त हो गए थे, जिन्हें मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च सेना पुरस्कार परमवीर चक्र मिला,वीर अब्दुल हमीद स्मारक पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर सफाई नहीं की गई। सभासद ने वीडियो एवं फोटो वायरल करते हुए कहा की आप इस वीडियो और फोटो में देख सकते हैं कि धूल मिट्टी वीर अब्दुल इस्मारक के चारों ओर स्टील की रेलिंग लगी हुई है, किस कदर धूल जमी हुई है। पिछले वर्षों में कभी ऐसा नहीं हुआ हमेशा वीर अब्दुल हमीद स्मारक की अच्छे से साफ सफाई हुई है, और पानी से अच्छी तरह फर्श वगैरा धोकर और लाइट से हमेशा सजाया जाता था।

# सपा नव नियुक्त प्रदेश सचिव ने ग्रामीण इलाकों का किया दौरा जानी समस्याए

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी:** जनपद के तहसील पलिया निवासी रेहान खान को समाजवादी पार्टी क प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने के बाद रेहान के समर्थकों में खुशी की लहर दिखाई दे रही है रेहान खान ने सोमवार को ठंड को देखते हुए पलिया तहसील के दर्जनों गांव में पहुंचकर गरीबों विधवाओं और बुजुर्गों को गर्म कंबल वितरित किए। गांव में चौपाल लगाकर समस्याएं जानी। गांव के लोगों ने रेहान खान के समक्ष अपनी समस्याएं रखी।पलिया तहसील के ग्राम कमलापुरी में एक विधवा महिला बीमारी से जूझ रही थी। महिला ने जैसे ही अपनी समस्या रिहान को बताई उन्होंने आनन-फानन महिला के अकाउंट में नगद राशि ट्रांसफर किया जिससे वह अपना इलाज कर सके। इसके अलावा भरोसा दिलाया आगे का इलाज में जो भी खर्च आएगा उसमें हम सहयोग करेंगे।आर्थिक मदद पाने के बाद विधवा महिला की आंखें नम हो गई और रिहान के सर पर हाथ रखते हुए दुआएं दी। रेहान खान ने बातचीत के दौरान बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर मुद्दे पर फेल रही है। गरीब जनता महंगाई के चलते त्राहि त्राहि कर रही है। सरकार की तरफ से जो योजनाएं चलाई जा रही है वह गरीबों तक नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा गरीबों को ना तो आवास मिल रहा है ना ही 60 साला पेंशन मिल रही है ना ही उनको पानी की सप्लाई मिल रही है।जनता परेशान है सन 2027 में जनता भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ फेंकेगी। रेहान ने कहा कि सन 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार आने के बाद सबसे पहले इन्हीं सब चीजों को ध्यान में रखते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को दिलाने का काम किया जाएगा। तहसील पलिया के गांव के लोगों ने बताया कि चाहे कोरोना कल रहा हो या फिर बाढ़ त्रासदी रही हो रेहान भाई हम लोगों के बीच पहुंचकर राशन कपड़े से लेकर आर्थिक मदद करते हैं।इतना ही नहीं पलिया के कई इलाकों में गरीब असहयों की बहन बेटियों की शादी के खर्चे से लेकर बीमारों के इलाज के लिए भी मदद करते हैं।

# गणतंत्र दिवस और शीतकालीन कार्निवल का हुआ भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मथुरा में गणतंत्र दिवस और शीतकालीन कार्निवल समारोह इस वर्ष भव्यता और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ-साथ समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया । इस गरिमामयी आयोजन के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन श्री एस.पी. लाल ,जो उद्घाटन समारोह के मुख्य आकर्षण रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रानी लाल (डायरेक्टर -डीपीएस पलवल), श्री हरबंश सरदाना और श्री हरीश सचदेवा (प्रधानाचार्य - डीपीएस पलवल), श्रीमती नीलम सांधा (उप-प्रधानाचार्या, डीपीएस पलवल) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरूआत एक भव्य परेड से हुई, जिसमें छात्रों द्वारा अनुशासन और देशभक्ति की अद्भुत झलक प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात फीता काटकर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री एस.पी. लाल द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य श्री सावन कुमार खन्ना द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम का उद्देश्य और महत्व साझा किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न राज्यों की संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं जिसमें ' चोख पुरवाओ' नामक गीत पर पारंपरिक राजस्थानी स्वागत नृत्य कक्षा चौथी और पांचवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। कक्षा दूसरी और तीसरी के छात्राओं द्वारा बृज नृत्य,कक्षा छठी और सातवीं की छात्राओं द्वारा पंजाबी नृत्य,कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं द्वारा गरबा नृत्य,कक्षा आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं की छात्राओं द्वारा अर्द्ध शास्त्रीय नृत्य और कक्षा आठवीं और नौवीं की छात्राओं द्वारा लावणी और ह्यदेवा श्री गणेशाह्न पर प्रस्तुति दी गई।अंत में पूरे कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। इस मौके पर श्री एस पी लाल ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए प्रशंसा करते हुए बधाई दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ बच्चों द्वारा विभिन्न रचनात्मक और आकर्षक स्टाल,विभिन्न मनोरंजक खेल कूद के प्रतिष्ठान लगाए गए।घुड़सवारी, टॉय ट्रेन,सेल्फी कॉर्नर,प्रसिद्ध जादूगर श्री जितेन्द्र बघेल का मैजिक शो रहा।



# अटल जन्म शताब्दी को लेकर भाजपा वर्ष भर करेगी कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** विधायक डॉ मंजू शिवाच के कार्यालय पर वर्ष भर मनाए जा रहे अटल जन्म शताब्दी को लेकर अटल जन्म शताब्दी को लेकर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान और विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि यह वर्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष है। आगामी दिनों में अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें सबसे पहले भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान 2025 के माध्यम से 31 जनवरी 2025 तक सभी जिलों में ऐसे कार्यकताओं को चिन्हित करेंगे जिनके पास अटल जी के साथ साझा किए गए कार्यक्रम अथवा स्मृति या अन्य कोई फोटो कागजात हैं।इसके अलावा अटल जी पर लिखे गए लेख, पुस्तकों को एकत्र कर उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा।इसके बाद इन चयनित जानकारियों को प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान ने बताया कि 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच हर जिले में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिले के प्रबुद्ध जन सूचीबद्ध विशिष्ट जन एवं अटल जी के सभी प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे।प्रेस वार्ता में चेयरमैन विनोद वैशाली ने नगर की कई विकास संबंधित जानकारी दी। जिनमें रोरी, विजयनगर, सीकरी, हापुड़ रोड व तिबड़ा रोड़ स्थित रेलवे फाटकों पर अंडर व ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शामिल हैं। पत्रकार वार्ता में पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह, जिला महामंत्री नवेंद्र गौड़,जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी व अमित चौधरी, मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा,विपिन मावी, साधना शर्मा, लोनी मंडल अध्यक्ष अश्विनी कुमार,पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित अग्रवाल व नवीन जायसवाल, संजय चौधरी, गुंजन सिंह, मीनाक्षी भूटानी आदि मौजूद रहे।

## स्कार्पियो व कार की भिड़ंत में घायल एक और श्रद्धालु की मौत, अन्य का चल रहा इलाज

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** वाराणसी-भदोही बार्डर पर मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के गुड़िया गांव के सामने सोमवार की दोपहर श्रद्धालुओं की स्कार्पियो व कार में हुए टक्कर में गम्भीर रूप से घायल मध्य प्रदेश के (छिंदवाड़ा) परासिया निवासी रामदयाल उर्फ दीपक पवार की मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गया है।

जबकि हादसे में सुनील पाथरे की मौत सोमवार को घटना के दिन मौके पर ही हो गई था।अन्य घायल शिवा विश्वकर्मा व अजय चौरसिया की स्थिति अभी भी गम्भीर बना हुआ जिनका इलाज बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है।वही स्कार्पियो सवार घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।मृतक रामदयाल उर्फ दीपक पवार के भाई यसवंत पवार की तहरीर पर मिजार्मुराद पुलिस ने स्कार्पियो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। मृतकों के परिजनों ने शव पोस्टमार्टम के बाद दाह-संस्कार हेतु शव एम्बुलेंस लेकर अपने गांव निकल गए।

# शिक्षक संघ गाजियाबाद के शरद बाजपेयी बने पुनः जिलाध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में कॉलेज के शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए शरद कुमार बाजपेयी का भव्य स्वागत किया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सतीश चन्द्र अग्रवाल ने बाजपेयी जी को जिलाध्यक्ष बनने पर अपनी शुभकामनाएं दीं और अपेक्षा की कि वो शिक्षकों और छात्रों के हित में सदैव कार्य करते रहेंगे।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य और शिक्षक ने माल्यार्पण कर तथा शिक्षिकाओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अपनी शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण कुमार जैनर ने जिलाध्यक्ष शरद कुमार बाजपेयी जिला मंत्री रवीश कुमार शर्मा और जिला कोषाध्यक्ष प्रधानाचार्य प्रेम सिंह को अपनी शुभकामनाएं दीं। सभी शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।अंत में शरद बाजपेयी ने सभी का आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि वो सदैव जनपद के शिक्षकों - शिक्षिकाओं की अपेक्षाओं पर खरे उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे।इस अवसर पर राजकुमार सिंह,योगेश शर्मा, प्रयास शर्मा, लेफ्टिनेंट राजीव कुमार, राजीव सिंह, संजीव कुमार, अनिल यादव, आशाराम त्यागी,संजीव चौधरी, अनिल कुमार,नन्द लाल यादव , सीमा सिंह,अदिता त्यागी, सुधीर शर्मा, ज्योति चौधरी, नितिन कुमार, कोमल त्यागी, सतीश कुमार, अमित कुमार सहित कालेज के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## विकास प्राधिकरण ने चलाया अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर,मचा हड़कंप



वेलकम इंडिया

**कांधला।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के द्वारा नगर में विकसित हो रही 04 अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। कार्यवाही से कॉलोनी संचालकों में हंडकंप की स्थिति बनी रही।

मंगलवार को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की टीम ने नगर में कविता मीना उपाध्यक्ष, मु०वि०प्रा० के आदेशों के अनुपालन में अवैध भू-स्वामी प्लॉटिगकर्ता अशोक पुत्र श्री महावीर द्वारा स्थल- दिल्ली हाईवे पर, आनन्द सिनेमा घर के सामने कांधला में लगभग 08 बीघा, जाहिद पुत्र मौहम्मद सैय्यद द्वारा स्थल- खसरा नं०-3165, कांधला अन्दर हदूद, कांधला द्वारा लगभग 03 बीघा, अनन्त कुमार जैन पुत्र आशाराम जैन आदि द्वारा स्थल- किवाना रोड, लगभग 07 बीघा एवं बलवीर सिंह द्वारा किवाना रोड पर लगभग 40 बीघा में अनाधिकृत रूप से प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त किया गया।उक्त अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे। जिसमें चालानी कार्यवाही के उपरान्त पूर्व में ध्वस्तीकरण के आदेश निर्गत किये गये थे, परन्तु अवैध प्लॉटिंग के भू-स्वामियों द्वारा स्थल से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था।

# एसडीएम के कथित असहयोगपूर्ण रवैये के विरोध में अधिवक्ताओं का सांकेतिक धरना




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मोदीनगर की उपजिलाधिकारी डा0 पूजा गुप्ता के कथित असहयोगपूर्ण रवैये तथा तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्थाओं जैसे कई गंभीर मुद्दों को लेकर बार एसोसिएशन मोदीनगर के आह्वान पर एसडीएम कार्यालय के बाहर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को सांकेतिक धरना देकर विरोध जताया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम कुमार त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में अनेक अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि अनदेखी के चलते तहसील में घोर अव्यवस्था व्याप्त है। अधिकारीगण न्यायिक प्रक्रिया के विरूद्ध कार्य कर रहे हैं। उपरोक्त मुद्दों को लेकर एसडीएम अधिवक्ताओं से वार्ता करना भी उचित नहीं समझती।ऐसी परिस्थिति में उनके (अधिवक्ताओं) पास एसडीएम कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण धरना तथा एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार करना पड़ा है।इस अवसर पर सौरभ मुदगल सचिव, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, धीरज कौशिक, सचिन दीक्षित, सुधीर वशिष्ट, कपिल त्यागी, भुवनेश्वर शर्मा, हरेंद्र जाटव, सुनील तेवतिया सहित पर्याप्त संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

## घर के सामने खड़ी पिकअप चोरी

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** कछवांरोड चौराहे से कछवां (मिजार्पुर) जाने वाले मार्ग पर घर के सामने खड़ी एक पिकअप अज्ञात चोर सोमवार की देर रात ड्राइवर साइड का सीसा तोड़कर गाड़ी लेकर भाग निकले।मंगलवार की सुबह वाहन स्वामी ठठरा गांव निवासी राजेश कुमार यादव जब गाड़ी लेकर मंडी जाने के लिए घर के बाहर निकले तो देखे की पिकअप गायब है।पीड़ित द्वारा पास के एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया तो उसमें एक बाइक पर सवार होकर तीन चोर आकर पिकअप का सीसा तोड़कर गाड़ी ले जाते हुए दिखाई दिये है।पीड़ित ने पिकअप चोरी की लिखित सूचना कछवांरोड चौकी पर दिया।बताते चले कि 10 दिनों के अंदर कछवांरोड चौराहे के पास से पिकअप चोरी की ये दूसरी घटना हुई है।जिससे ग्रामीण पुलिस के गश्त पर सवाल उठा रहे है।जबकि घटना स्थल से पुलिस बूथ की दूरी मात्र 400 मीटर ही है।

## एस एस हॉस्पिटल में गणतंत्र दिवस पर हुआ झंडारोहण




निर्मल सैनी वेलकम इंडिया

**माल, लखनऊ।** एस एस हॉस्पिटल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर एम डी श्रीकांत मौर्य ने स्टाफ के साथ फहराया झंडा।

आपको बता दें कि माल ब्लॉक के नबीपनाह स्थित एस एस हॉस्पिटल में रविवार को गणतंत्र दिवस झंडारोहण कर मनाया गया।हॉस्पिटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. श्रीकांत मौर्य ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।कार्यक्रम में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, और अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। राष्ट्रीय गान के साथ पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में डूब गया।इस अवसर पर डॉ. मौर्य ने अपने संबोधन में कहा, गणतंत्र दिवस हमें संविधान और लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। हमें न केवल अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए बल्कि देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

# किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर दिया धरना

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा)के कार्यकताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर धरना दिया। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतेन्द्र त्यागी की अध्यक्षता में, देववृत घामा प्रदेश अध्यक्ष व विनीत त्यागी युवा प्रदेश अध्यक्ष अरुण कसाना जिलाध्यक्ष अध्यक्ष गाजियाबाद के नेतृत्व में कार्यकर्ता राजचौपला से सैकड़ों ट्रेक्टरों और तहसील पहुंचे और किसानों की समस्या को लेकर धरना दिया।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि किसानो की समस्याओं जिनमें गन्ना भुगतान बिजली आवारा पशु तथा खतौनी में नाम सही होने आदि समस्याओं के समाधान न होने पर किसानों ने धरना दिया है। धरने में गौरव त्यागी युवा प्रदेश महासचीव, आशु त्यागी युवा जिलाध्यक्ष, शैंकी त्यागी ब्लाक अध्यक्ष, निखील राव जिलाध्यक्ष मेरठ, शहनवाज जिलाध्यक्ष हापुड, हरेन्द्र राठी जिलाध्यक्ष बुलन्दशहर, गौरव शर्मा युवा तहसील अध्यक्ष मोदीनगर, दुष्यंत त्यागी युवा तहसील अध्यश गाजियाबाद, अमित जाखड प्रदेश प्रवक्ता, हैप्पी त्यागी मंडल प्रभारी, रजनीश त्यागी ग्राम प्रधान सौदा, अबजद खान, इरफान ठेकेदार जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष, उपदेश चौ० ग्राम प्रधान पैगा, रीव, संदीप, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कंप्यूटर में खराबी से रुका आधार कार्ड बनाने का कार्य, लोग परेशान

**गाजियाबाद।** नवयुग मार्केट स्थित मुख्य डाक घर में आधार केंद्र के कंप्यूटर में तकनीकी खराबी होने से शनिवार से आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। जिससे यहां दूर दराज से आने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है।उन्हें आधार केंद्र से खाली हाथ लौटना पड़ा। शहर के नवयुग मार्केट स्थित मुख्य प्रधान डाक घर अतिव्यस्त डाक घरों में आता है। इस मुख्य डाक घर में बड़ी संख्या में लोग कई कल्याणकारी योजनाओं में खाता खुलवाने से लेकर अन्य राज्यों में डाक के माध्यम से पार्सल भेजने के काम से आते जाते हैं।डाक घर में ही आधार कार्ड बनवाने के लिए आधार केंद्र बना है।इस आधार केंद्र पर छोटे बच्चों से लेकर 18 वर्ष तक के लोगों का आधार कार्ड बनाया जाता है।

# रालोद की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर दिया गया जोर

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल की एक मासिक बैठक मेरठ के ब्लॉक रोहटा के गांव रोहटा में जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बड़ौत मे भगवान आदिनाथ के निर्माण लड्डू पर्व के दौरान मचान टूटने से हुई लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में संगठन को मजबूत करने के पर जोर दिया गया। ब्लॉक स्तर से लेकर गांव स्तर तक बूथ कमेटी बनाई जाएगी। इसके लिए कार्यकर्ताऑ ने अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है।कार्यकर्ता घर घर जाकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य कर रहे है। बैठक में प्रदेश सचिव रणबीर दहिया ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल किसानों मजदूरों और गरीबों की सच्ची हितेषी है। देश में गठबंधन की सरकार किसानों मजदूरों गरीबों के लिए कार्य कर रही है। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी किसानों मजदूरों और गरीबों के लिए कार्य कर रहे हैं । किसानों को उसकी उपज का सही मूल्य मिले इसको लेकर गठबंधन की सरकार कार्य कर रही है साथ ही युवाओं को रोजगार से जुड़ी शिक्षा देकर रोजगार से जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। बैठक में आह्वान किया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता जान से जुड़ जाए। जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ ने कहा कि रालोद का कार्यकर्ता पार्टी की नीति एवं कार्यक्रमों को घर-घर पहुंचने का कार्य कर रहा है। पार्टी कार्यकताओं की मजबूती से संगठन मजबूत हो रहा है।पार्टी सबको साथ लेकर चल रही है बैठक में डॉक्टर विनोद गौतम को जिला महासचिव बनाया गया।बैठक में प्रवीण घनधस व पप्पू संदीप रोहटा व राजपाल दरोगा अजित बना सुबोध संजीव जराज ओमबीर प्रधान कुलदीप प्रधान डा विनोद गौतम व सुधीर जटपुरा प्रधान लोकेश व मेजर साहब नरेश ओमप्रकाश के पी सिंह यशबीर विपिन चिंदौडी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जन्म दिया माँ ने पर माँ की तरह सहारा दे रही बाल कल्याण समिति



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** दुनिया मे भगवान से बढ़कर माँ का दर्जा बड़ा होता है, माँ असहनीय पीड़ा सहन कर अपनी कोख में बच्चे को जन्म देती है, पर एक कलयुगी माँ ने ना जाने किस कारण किस परिस्थितियों में अपने कोख से जन्मी बच्ची को जन्म देने के बाद ही लावारिस हालत में कपकपाती ठंड में रात्रि में झाड़ियों में फैक दिया।लावारिस हालत में चंद दिनों की मासूम बच्ची को प्रकृति की गोद का सहारा मिला।सुबह होते ही कुछ महिलाओं और लोगों की उस पर नजर पड़ते ही नवजात बच्ची को नया जीवनदान मिला।लोगों ने पुलिस ने पुलिस को सूचित कर बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया।जहाँ पुलिस ने नवजात बच्ची को उचित इलाज और देखरेख के लिए बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया।जहां नवजात बच्ची को लगातार बाल कल्याण समिति के निर्देश पर चाइल्ड हेल्प लाइन की महिला कार्मिक सिमरन द्वारा लगातार जिला अस्पताल में नवजात शिशु की देखरेख की जा रही थी।वही मंगलवार को बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा नवजात बच्ची के भार में बढ़ोत्तरी नही होने से बच्ची को बेहतर स्वास्थ्य परीक्षण और स्वास्थ्य लाभ के लिए अल्मोड़ा बेस अस्पताल को रेफर किया गया है।वही नवजात बच्ची के स्वस्थ होने तथा दीघार्यु होने की भी लोगों द्वारा कामना की जा रही है।वही प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसपी त्रिफाटी ने बताया कि नवजात बच्ची का आठ दिनों से लगातार चिकित्सीय देखरेख में निगरानी की जा रही थी, जहाँ बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा नवजात बच्ची के वजन में बढ़ोत्तरी नही होने को लेकर शिशु को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# ब्रह्मराष्ट्र एकम के श्रीकुल पीठ से बने दो मंडलेश्वर और महंत

वेलकम इंडिया



**वाराणसी।** ब्रह्मराष्ट्र एकम विश्व महासंघ श्रीकुल पीठ के तत्वाधान में दिनांक 28झ01झ2025 मंगलवार माघ मास चतुर्थदशी कृष्ण पक्ष, महाकुंभ के पावन पर्व के अवसर पर श्रीकुल पीठ के पीठाधीश्वर एवं ब्रह्म राष्ट्र एकम विश्व महासंघ के संस्थापक परम पूज्य श्री श्री 1008 सचिन्द्रनाथ जी महाराज के द्वारा नव नियुक्त दो मंडलेश्वर श्यामा नन्द जी महाराज उर्फ लाल बाबा और मंडलेश्वर अमरनाथ जी महाराज के साथ साथ महंत मनोजानंद जी महाराज को सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए श्रीकुल पीठ में पट्टाभिषेक कर महाराज श्री पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 सचीद्रनाथ के द्वारा आशीर्वचन दिया गया` आप अन्य राज्य क्षेत्रों में श्रीकुल पीठ का व्यापक विस्तार कर प्रचार प्रसार करेंगे।

# डीएम दीपक मीणा ने की जनसुनवाई

## कहा–शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के बाद, शिकायतकर्ता से लिया जाएं फीडबैक





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी महोदय श्री दीपक मीणा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वार जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को भेजी गयी। उन्होने निर्देशित किया कि जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएं। साथ ही हर शिकायत का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाना सुनिश्चित किया जाएं। शिकायत निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से शिकायत के निस्तारण का फीडबैक लेना भी सुनिश्चित किया जाएं। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए श्री विवेक कुमार, एडीएम न्यायिक अंजुम बी. सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# नेहरू युवा केंद्र हापुड़ ने किया जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नेहरू युवा केन्द्र हापुड़ युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान नेहरू युवा केंद्र हापुड़ के उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार के तत्वाधान में डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल हापुड में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रीमान संजय सैनी, अखंड प्रताप सिंह गूगल, उप निदेशक देवेंद्र कुमार जी तथा डीएवी विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत त्यागी जी ने किया। कार्यक्रम के पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए नेहरू व केंद्र गाजियाबाद के उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार ने बताया कि हमारे देहात के युवाओं में बहुत प्रतिवाद छिपी हुई है लेकिन उन्हें उचित प्लेटफार्म की आवश्यकता है ताकि वह अपने प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकें। इस प्रतियोगिता में टीम गेम में जो टीम में ब्लॉक स्तर पर फर्स्ट तथा सेकंड प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किए थे वह तथा एथलेटिक्स के प्रतिभागी जिन्होंने प्रथम आदित्य तृतीय स्थान प्राप्त किए थे उन सभी को खेलने का अवसर प्राप्त होगा जो प्रतिभागी यहां पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आएंगे उनको राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा ।इस अवसर पर डी. ए. वी.विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। खेलकूद प्रतियोगिताओं का आरंभ हुई जिसमे वॉलीबॉल बालक वर्ग में हापुड़ की टीम ने प्रथम तथा देहरा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन बालिका वर्ग में निधि ने प्रथम, स्वाति ने द्वितीय तथा भानु प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लो साइकिल रेस में प्राची चौहान ने प्रथम, स्वाति ने द्वितीय तथा राशि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** गौतमबुद्धनगर के डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने थाना बिसरख की चिपियाना चौकी के प्रभारी मनेंद्र प्रताप सिंह को उनके किए गए सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

# भाजपा के महानगर कार्यालय नेहरू नगर पर सुशासन दिवस अटल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक प्रेस वार्ता का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भाजपा के महानगर कार्यालय नेहरू नगर पर सुशासन दिवस अटल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, कार्यक्रम के महानगर संयोजक बॉबी त्यागी, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, सह मीडिया प्रभारी करण शर्मा, महिम गुप्ता मौजूद रहे।

मीडिया को संबोधित करते हुए संजीव शर्मा ने बताया यह वर्ष भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष है। 25 दिसंबर को श्रद्धेय अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर बूथ, मंडल, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई कार्यक्रम हुए। श्रद्धेय अटल जी के स्मारक ₹सदैव अटल' नई दिल्ली पर श्रद्धांजली एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। भारत के माननीय राष्ट्रपति, माननीय उपराष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित केंद्रीय मंत्रीगण के साथ-साथ एनडीए के नेतागण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सभा में भाग लिया । श्रद्धेय अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ।सभी देशवासी गौरावित है की देश के दूरदर्शी, कर्मठ एवं यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहे हैं एवं श्रद्धेय अटल जी की सोच साकार हो रही है। माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी भूपेंद्र सिंह जी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) आदरणीय श्री धर्मपाल सिंह जी के निदेर्शानुसार अटल जी की स्मृति में 31 जनवरी 2025 तक अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान तथा 15 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन जिले वार किया जाएगा।

# आबकारी विभाग ने मुरादनगर में पकड़ी अवैध शराब की भट्टी, दो गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** जिला गाजियाबाद के मुरादनगर में आबकारी विभाग की टीम ने बहादरपुर गांव में हिंडन नदी किनारे खादर में भट्टी लगाकर कच्ची शराब बना रहे दो लोगों को दबोचा। इनके कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब व 14 सौ किलो लहन बरामद किया। आबाकारी निरीक्षक अनुज वर्मा ने बताया कि काफी समय से सूचना मिली रही थी कि गांव बहादरपुर में हिंडन नदी के किनारे खादर में भट्टी लगाकर अवैध रुप से कच्ची शराब बनाई जा रही है। कच्ची शराब में एल्कोहल की मात्रा का अंदाजा नहीं होता, जिस कारण उसके पीने से जान भी जा सकती है।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जेवर विधायक की उपस्थिति में किसानों के मुआवजे से संबंधित चेक किया प्रदान



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जेवर क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र सिंह के उपस्थिति में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा ग्राम अस्तौली के 23 किसानों को जमीन अधिग्रहण के मुआवजा से संबंधित अतिरिक्त प्रतिकर के रूप में ?10.35 करोड़ का चेक दिया गया।

ग्रेटर नोएडा के ग्राम अस्तौली में प्रस्तावित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना के लिए 73.0396 हेक्टेयर जमीन की जरूरत है। जिसमें से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट हेतु 53.5720 हेक्टेयर, 24 मीटर चौड़ी सड़क हेतु 11.7164 हेक्टेयर तथा 6% आबादी भूखंड हेतु 2.0470 हेक्टेयर कुल 66.3354 हेक्टेयर भूमि आपसी सहमति के आधार पर क्रय की जा चुकी है। अस्तौली में सॉलिड वेस्ट के निस्तारण हेतु मैसर्स एनटीपीसी द्वारा प्लांट स्थापित किए जाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त वेस्ट टू बायो सीएनजी 300 टीपीटी एवं वेस्ट टू बायो सीएनजी 50 टीपीटी के कार्य भी आवंटित किया जा चुका है। प्राधिकरण के बोर्ड रूम में आयोजित हुए इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ प्रेरणा सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस समेत अन्य अधिकारीगण और किसान मौजूद रहे।

## जनपद स्तरीय करियर गाइडेंस मेले का आयोजन

**गाजियाबाद।** विजय नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को जनपद स्तरीय करियर गाइडेंस मेला आयोजित किया गया। जिसमें जिले के 13 राजकीय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लेते हुए मेले में स्टॉल लगाकर अपनी क्रिया विधियों को प्रदर्शित किया। इस दौरान छात्र–छात्राओं को शिक्षकों द्वारा करियर संबंधी अहम सलाह भी दी गई। समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गाइडेंस मेले का शुभारंभ शहर विधायक संजीव शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। मेले में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा ने छात्र छात्राओं को शिक्षा को लेकर जागरूक करते हुए अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।

# वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।**



स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर ,सेक्टर 3 ,राजेंद्र नगर साहिबाबाद, जनपद गाजियाबाद में दो घंटे का समय प्रात 10 से दोपहर 12:00 बजे तक डॉक्टर अरुण कुमार अग्रवाल, तहसीलदार न्यायिक, मोदीनगर, जनपद गाजियाबाद द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के साथ करियर काउंसलिंग के लिए दिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ एनडीए ,एसएससी, सीडीएस , ए एफ एस ए टी , टीजीटी, पीजीटी, यूपी एस आई, यूपीएससी, यूपीपीसीएस ,सीए, एवं अन्य एग्जाम मैं सफल होने के लिए पूर्वनियोजित योजना के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की एनसीईआरटी पैटर्न की पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला गया । बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कुछ उदाहरण भी प्रस्तुत किया, जैसे अरुणिमा सिन्हा जिसने द्रूण इच्छा शक्ति , आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के बल पर सर्वाधिक ऊंचाई पर स्थित एवरेस्ट चोटी पर सफलतापूर्वक पर्वतारोहण किया। इरा सिंघल जी आईएएस का भी उदाहरण शेयर किया। प्रथम ब्लाइंड आईएएस प्रांजल पाटिल एवम अन्य उदाहरण भी बच्चों के साथ शेयर किए गए। एवम बताया गया की विपरीत परिस्थितियों के बाबजूद भी जब आत्मविश्वास , द्रण इच्छा शक्ति एवं कठिन परिश्रम के बल पर जब यह लोग अपने सफल हो सकते हैं, तो आप क्यों नहीं ।बस आवश्यकता है, अपना लक्ष्य निर्धारित करने की, एवं उस पर आत्मविश्वास के साथ कार्य करने की। इस दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल श्री जगदीश रघुवंशी , वाइस प्रिंसिपल एवं प्रबंधन कमेटी सहित समस्त शिक्षक गण भी उपस्थित रहे।

# लूट व चोरी करने वाले 2 शातिर बदमाश पुलिस ने गिरफ्तार किए

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर** नोएडा के थाना सेक्टर 24 पुलिस ने मंगलवार को मुठभेड़ के बाद दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी श्याम बाबू शुक्ला और उनकी टीम ने चेकिंग के दौरान सेक्टर 56 टी प्वाइंट के पास से बदमाश विजय सिंह को मुठभेड़ में घायल और दूसरे बदमाश शिवम को कांबिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल , अवैध तमंचा और चोरी के उपकरणों समेत गिरफ्तार किया है। इन दोनों के खिलाफ लूट और चोरी के एक दर्जन मामले दर्ज हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान अजूबा नाम का एक बदमाश घायल भी हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह ने बताया इनके द्वारा कुछ दिन पहले सेक्टर 12 में दिन में चोरी की और सेक्टर 33 में चैन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। 'सोमवार रात को पुलिस टीम सेक्टर 56 टी-पॉइंट पर जांच कर रही थी, तभी उन्हें मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध शख्स आते हुए दिखाई दिए।

# इंदिरापुरम में तीन दिन चलेगा अतिक्रमण मुक्त अभियान: अपर नगर आयुक्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कॉलोनी को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम बुधवार से अभियान की शुरूआत करने जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक के निर्देश पर टीम का गठन किया गया है। मंगलवार को अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने टीम के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस बल मौजूद रहेगा। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार ने बताया कि तीन दिन चलने वाले अभियान के लिए निर्माण, स्वास्थ्य, उद्यान और जोनल प्रभारी की टीम को शामिल किया गया है। इंदिरापुरम से अतिक्रमण हटाने को लेकर निर्माण,स्वास्थ्य तथा जोनल प्रभारियों से संयुक्त बैठक अपर नगर आयुक्त अरुण यादव ने की। नगर निगम को जीडीए से हैंडओवर हो चुकी इंदिरापुरम कॉलोनी में अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हो रही थीं, इनका संज्ञान लेते हुए 29 से 31 जनवरी तक तीन अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इंदिरापुरम के मुख्य मार्गों से रेहड़ी-पटरी, सरकारी भूमि पर कब्जा, ग्रीन बेल्ट पार्कों से कब्जा हटाया जाएगा। हर दिन दोपहर दो से पांच तक अभियान चलेगा। क्षेत्र में खड़े बेतरतीब वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पर दूसरे मामले में इंदिरापुरम के न्याय खंड-1की करीब पांच हजार की आबादी पिछले तीन महीने से सीवर ओवरफ्लो की समस्या से परेशान है। स्थानीय लोगों ने हाल ही में नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन भी किया था। उनका कहना है कि तीन महीने से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम समस्या से निजात नहीं दिला पा रहा है। सड़कों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है व लोगों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। न्याय खंड-एक की ईडब्ल्यूएस कालोनी में लगभग पांच हजार लोग रहते हैं। स्थानीय निवासी कुलदीप सक्सेना व अजीत कुमार ने बताया कि जब से यह इलाका इंदिरापुरम नगर निगम के अंतर्गत आया है, समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। सीवर लाइन कई महीनों से साफ नहीं की गई है। इसके चलते वह चोक हो चुकी है। सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे बदबू व गंदगी फैल गई है। घरों में रहना तक मुश्किल हो गया है। पानी के जमाव के चलते सड़कों की हालत खराब हो चुकी है व वाहन चालकों के चोटिल होने का खतरा बढ़ गया है।